

# सब का सपना



निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र

बादामबनाए हड्डियां मजबूत और करे सिर दर्द दूर पेज: 7

सामंथा की 'मां इंटी बंगारम का बनेगा सी वल पेज: 8

वर्ष : 03 | अंक : 92 | सोमवार 06 जुलाई 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए


### 'मोदी-योगी ने बदली यूपी की तस्वीर', नितिन नवीन का बड़ा दावा, बोले- 2027 में भारी बहुमत से लौटेगा एनडीए

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को भरोसा जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2027 के विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में भारी बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगा। नवीन ने गठबंधन के कामकाज और जनसेवा का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को दिया। राजग सहयोगियों के साथ मुलाकात के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत में नवीन ने कहा कि भाजपा अपने दम पर चुनाव लड़ने में सक्षम है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2027 के चुनावों के लिए एकजुट रहेगा। उन्होंने कहा, "भारतीय जनता पार्टी चुनाव लड़ने में सक्षम है...

# 'हर घर तक पहुंचो, विपक्ष के झांसे में मत आओ', बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने दिया 2027 विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र

**लखनऊ एजेंसी:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं, इसलिए वे जनता का ध्यान भटकाने के लिए नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष शनिवार को यहां पार्टी के राज्य मुख्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे। 'सपा-कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं'



बैठक को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने कहा, "सपा-कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं, इसलिए वे जनता का ध्यान भटकाने के लिए नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं।" उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि "हमें विपक्ष के झांसे में नहीं आना है, हमें उप्र के विकास के लिए काम करना है।" 'हर गांव और हर घर तक पहुंचना होगा' नवीन ने कहा, "किसी के दिल में अगर जगह बनानी है, तो उस तक पहुंचना पड़ेगा। आपको हर गांव में प्रवास करना है। हर घर, हर व्यक्ति तक पहुंचना है।" भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि वर्ष 2027 में भी लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से उप्र में 'डबल इंजन' सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि 'डबल इंजन' की सरकार ने कार्यों का कीर्तिमान बनाया है। मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए नितिन नवीन ने

### सपा-कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं, इसलिए वे जनता का ध्यान...

*भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं, इसलिए वे जनता का ध्यान भटकाने के लिए नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं ...*

कहा कि "मोदी जी-योगी जी की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाया है।" उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों को सलाह दी कि "आपको हर मतदाता तक 'डबल इंजन' सरकार की योजनाओं एवं पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना होगा।" नितिन नवीन ने कहा, "प्रभु श्रीराम की भूमि, बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी तथा मथुरा की नगरी में मुझे जो सम्मान मिला, उससे मैं अभिभूत हूं।" हर महीने होंगी संगठनात्मक बैठकें भाजपा की ओर से जारी एक बयान के अनुसार अपने संबोधन में भाजपा प्रमुख नितिन नवीन ने जिला अध्यक्षों को सम्मान देने के लिए प्रेरित करते हुए कहा, "हम लोगों ने तय किया है कि हर महीने योजना के अनुसार मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर पदाधिकारियों की बैठक होगी। इस महीने से मैं अपना क्षेत्रीय प्रवास भी शुरू करूंगा।" सांसद-विधायक हर मतदाता तक पहुंचें : नितिन नवीन

नितिन नवीन ने कहा कि भाजपा के सभी सांसदों, विधायकों, मंत्रियों को अभी से हर मतदाता तक केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं एवं पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से पहुंचना होगा। बूथ अध्यक्षों के सम्मान की पहल का किया जिक्र बूथ अध्यक्षों को प्रोत्साहित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, "मैंने एक प्रयास शुरू किया है कि मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सम्मान स्वरूप जितने अंग वस्त्र मिले हैं, उन्हें चुनावी राज्य के उन सभी बूथ अध्यक्षों को मेरे एक पत्र के साथ सम्मान स्वरूप भेंट किया जाए जो अच्छे तरीके से "मन की बात" लगातार सुन रहे हैं और इसके बाद बूथों की बैठक कर रहे हैं।"

## बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर का बड़ा दांव, बीजेपी को हराने के लिए तेजस्वी से मांगी मदद

**पटना एजेंसी:** बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने जा रहे उपचुनाव ने राज्य के सियासी पारे को बढ़ा दिया है। जन सुराज पार्टी की ओर से खुद को उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद प्रशांत किशोर ने एक बड़ा राजनीतिक दांव खेला है। चुनावी मैदान में उतरते ही उन्होंने विपक्षी महागठबंधन (आरजेडी और कांग्रेस) के सामने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। प्रशांत किशोर ने खुले मंच से तेजस्वी यादव और उनके सहयोगी दलों से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने गठबंधन से अनुरोध किया है कि वे इस चुनाव में जाति और मजहब के पुराने बंधनों को तोड़कर जन सुराज का साथ दें। चार सालों से जन सुराज ही मेरी जिंदगी बांकीपुर सीट से अपनी




उम्मीदवारी तय होने के बाद प्रशांत किशोर काफी भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों से जन सुराज ही उनकी जिंदगी, उनका घर और एकमात्र मिशन रहा है। पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वे उसे पूरा करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे। पीके ने दावा किया कि यदि बांकीपुर की जनता का आशीर्वाद उन्हें मिला, तो वे यह चुनाव जरूर जीतेंगे। इससे उनकी पार्टी का हौसला बढ़ेगा और बिहार में बदलाव की शुरूआत होगी। बीजेपी के गढ़ में महागठबंधन के वोट बैंक पर नजर बांकीपुर सीट को पारंपरिक रूप से बीजेपी का मजबूत गढ़ माना जाता है। इस गढ़ को भेदने के लिए प्रशांत किशोर ने विरोधियों से ही समर्थन मांग लिया है। पीके चाहते हैं कि महागठबंधन अपने पारंपरिक वोट बैंक के समीकरणों से ऊपर उठकर, बीजेपी को हराने के लिए उन्हें एक मजबूत विकल्प के रूप में समर्थन दे। उन्होंने मतदाताओं से वादा किया कि अगर वे जीतकर विधानसभा पहुंचते हैं, तो बिना किसी डर के सिर्फ जनता की आवाज उठाएंगे।

उन्होंने अपील की कि लोग पार्टी लाइन से अलग हटकर सिर्फ काम करने वाले चेहरे को वोट दें। उपचुनाव को बताया मौजूदा सरकार की परीक्षा प्रशांत किशोर ने राज्य की मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह उपचुनाव सरकार के कामकाज का लिटमस टेस्ट है। जनता सरकार की नीतियों और फैसलों से कितनी खुश है, इसका फैसला बांकीपुर के चुनावी नतीजों से पूरी तरह साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा

## पीएम मोदी का ऐलान: मेक इन इंडिया का अगला चरण अब सेमीकंडक्टर क्रांति, विकसित भारत का रोडमैप

**नई दिल्ली एजेंसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जुलाई को गुजरात के साणंद में सीजी सेमी आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट सुविधा का उद्घाटन किया। यह सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग में भारत की बढ़ती प्रगति और ग्लोबल चिप प्रोडक्शन हब बनने की उसकी महत्वाकांक्षा को दशार्ता है। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि यह सुविधा जल्द ही अपने प्रोडक्शन का लक्ष्य हासिल कर लेगी। मोदी ने कहा कि मुझे बताया गया है कि अब से यहां हर साल 20 करोड़ (200 मिलियन) चिप्स का प्रोडक्शन होगा। मुझे पूरा भरोसा है कि आप इसे जल्द ही हासिल कर लेंगे। यह भरोसा इस बात से भी आता है कि 'सेमीकॉन इंडिया' प्रोग्राम तेजी से आगे बढ़ रहा



है। कदम-दर-कदम, ईंट-दर-ईंट और अब चिप-दर-चिप। हमने हर साल 50 करोड़ (500 मिलियन) चिप्स बनाने का लक्ष्य रखा है। मुझे यकीन है कि आप बहुत जल्द यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। मैं सीजी सेमी की पूरी टीम को दिल से बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल बनाने और एक्सपोर्ट करने वाले देश के तौर पर भारत की स्थिति पर जोर दिया और बताया कि 2014 से इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट में कितनी बड़ी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल बनाने वाला और दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल एक्सपोर्ट करने वाला देश है। आज भारत का कुल इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्शन 2014 के मुकाबले लगभग 7 गुना बढ़ गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स का एक्सपोर्ट लगभग 11 गुना बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने भारत में सेमीकंडक्टर की ग्रोथ को एक दशक से चल रही इलेक्ट्रॉनिक्स क्रांति का हिस्सा बताया। यह सफर तैयार प्रोडक्ट्स से शुरू होकर कंपोनेंट्स और अब सेमीकंडक्टर तक पहुँचा है, जिसका मकसद देश में ही पूरी इलेक्ट्रॉनिक्स वैल्यू चेन को विकसित करना है।

उन्होंने इस नजरिए को विकसित भारत के रोडमैप और 'मेक इन इंडिया' पहल के अगले चरण का अहम हिस्सा बताया। पीएम मोदी ने समझाया कि भारत में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री का विस्तार अचानक नहीं हुआ। यह उस इलेक्ट्रॉनिक्स क्रांति का अगला कदम है जो पिछले एक दशक में भारत में आई है। पहले प्रोडक्ट, फिर कंपोनेंट्स और अब सेमीकंडक्टर।

## मुंबई पहुंचे यूपी वालों से अखिलेश का बड़ा दावा: 2027 में पलटेगी बाजी, इस पीडीए फॉमूर्ले से साफ होगा बीजेपी का सूपड़ा

**लखनऊ एजेंसी:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में मुंबई में रह रहे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के प्रमुख लोगों ने मुलाकात की और 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की तन-मन-धन से मदद करने और उसे विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर यादव ने दावा किया कि उप्र में 2027 के विधानसभा चुनावों में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की सरकार बनेगी और भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ होगा। मुंबई के प्रवासियों से अखिलेश की अपील सपा मुख्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, मुंबई में प्रवासी प्रदेशवासियों की इस बैठक का आयोजन समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशीनाथ यादव ने किया। इसमें महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने मुंबई से आए प्रदेशवासियों का स्वागत करते हुए



उनके परिश्रम, साहस और लगन की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपने मुंबई जैसे महानगर में जाकर भी अपनी पहचान बनाए रखी है। यादव ने अपील की कि चुनाव के दिनों में आप आकर मदद कर दें तो भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। मुंबई वासियों ने अखिलेश को भरोसा दिलाया कि वे चुनाव में पूरी सक्रियता से सपा का समर्थन और सहयोग करेंगे। अखिलेश का बूथ मजबूत करने और संविधान बचाने का आह्वान यादव ने कहा कि प्रदेश में पीडीए की सरकार बनेगी, 2024 का लोकसभा चुनाव हमने जीता है, अब 2027 का विधानसभा चुनाव भी जीतेंगे। जनता सामंती भाजपा सरकार को हटाएगी। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाएं और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि 2027 का चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का भी है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि निष्पक्ष चुनाव न होने की वजह से भाजपा अब क्षेत्रीय पार्टियों को तोड़कर अपना बहुमत बनाना चाहती है, ताकि वह संविधान के साथ मनमानी कर सके। राम मंदिर चढ़ावे पर अखिलेश का तीखा हमला यादव ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण के मामले में भाजपा धोखा दे रही है

## राम मंदिर चंदा विवाद से हिंदू आस्था आहत, मोहन भागवत बोले- होसबले की हर बात से 100% सहमत

**नई दिल्ली एजेंसी:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को राम मंदिर चंदे के विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वह इस पूरे मामले पर संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले की बात से पूरी तरह सहमत हैं। नागपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जब भागवत से चंदा चोरी के आरोपों पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "होसबाले जी का बयान देखिए... मेरी भी वही प्रतिक्रिया है।" महासचिव दत्तात्रेय होसबाले का बयान इससे पहले शुक्रवार को आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने इस मामले पर एक बयान जारी किया था। उन्होंने कहा था कि अयोध्या के राम मंदिर में चंदे की हेराफेरी के आरोपों ने पूरे समाज की भावनाओं और आस्था को गहरी ठेस पहुंचाई है। होसबाले ने सरकार और जांच एजेंसियों से मांग की थी कि इस मामले की पूरी



जांच की जाए और जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, उसे सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। हिंदू समाज से सब्र रखने की अपील

होसबाले ने अपने बयान में इस बात पर भी जोर दिया था कि कुछ हिंदू विरोधी और देश-विरोधी ताकतें इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का फायदा उठाने की कोशिश कर रही हैं। वे इस बहाने हिंदू धर्म को बदनाम करना चाहती हैं। उन्होंने हिंदू समाज से अपील की कि इस मुश्किल समय में वे सब्र और संयम बनाए रखें और ऐसी किसी भी साजिश को कामयाब न होने दें।

## दिल्ली आईजीआई हवाई अड्डा पर मौसम का डबल अटैक, तेज आंधी-बारिश से 15 टिकट हुईं डाइवर्ट

**नई दिल्ली एजेंसी:** दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में रविवार को मौसम ने खतरनाक रूप ले लिया। अचानक आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमानों की उड़ानों पर बहुत बुरा असर पड़ा है। आसमान में साफ न दिखने और तेज हवाओं के कारण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुल 15 उड़ानों का रास्ता बदलना पड़ा। हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार, इनमें 10 घरेलू और 5 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं, जिन्हें जयपुर और लखनऊ के हवाई अड्डों की तरफ भेजा गया है। एयरलाइंस ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे घर से निकलने से पहले अपनी उड़ान की ताजा स्थिति जरूर जांच लें। दिल्ली में रेड अलर्ट राजधानी के कई इलाकों में आज जोरदार बारिश हुई है। मौसम विभाग ने स्थिति को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि शहर के कुछ हिस्सों में 40 से 60 किलोमीटर



प्रति घंटे की रफ्तार से तेज और धूल भरी हवाएं चल सकती हैं। इसके साथ ही आसमान में बादलों की गरज-चमक और बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है, जबकि हल्की से मध्यम बारिश का दौर लगातार बना रह सकता है। 10 जुलाई तक नहीं थमेगा बारिश का सिलसिला मौसम विभाग के ताजा अनुमान के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में अगले कुछ दिनों तक बारिश का यह दौर रुकने वाला नहीं है। आगामी 10 जुलाई तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और रुक-रुक कर तेज हवाओं के साथ बारिश होती रहेगी। भीषण गर्मी से राहत, तापमान में गिरावट

राहत की बात यह है कि इस लगातार हो रही बारिश की वजह से दिल्ली का ज्यादा से ज्यादा तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही बना रहेगा, जिससे लोगों को चुभती गर्मी से काफी राहत मिलेगी। रविवार को दिल्ली का कम से कम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ ही साफ हवाओं के चलने के कारण दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 153 रहा, जो कि मध्यम श्रेणी में आता है और सेहत के लिहाज से ठीक है।

# राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर विहिप ने अयोध्या पुलिस को लिखा पत्र, कहा- विपक्षी नेताओं के दावों की हो जांच

**नई दिल्ली एजेंसी:** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने अयोध्या पुलिस को पत्र लिखकर राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी को लेकर कांग्रेस नेता एवं सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत कई विपक्षी नेताओं द्वारा किए दावों की जांच करने और उनके द्वारा लगाए आरोपों को साबित करने के लिए उन्हें तलब करने का आग्रह किया है। वैमनस्य की भावना पैदा करने के लगाए आरोप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध विहिप ने मांग की कि यदि यह पाया जाता है कि इन नेताओं ने "घृणा, दुर्भावना और वैमनस्य की भावना पैदा करने तथा उसे बढ़ावा देने" के उद्देश्य से "बेबुनियाद आरोप" लगाए हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने लिखा पत्र विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने मामले के जांच अधिकारी और अयोध्या के पुलिस उपाधीक्षक आशुतोष तिवारी को चार जुलाई को लिखे पत्र में कहा कि इन नेताओं ने कुछ विशेष आरोप लगाए हैं, जिन्हें टेलीविजन चैनलों, सोशल मीडिया मंचों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए व्यापक पैमाने पर प्रसारित किया गया



है। उन्होंने जांच अधिकारी से इन नेताओं को बुलाकर उनके दावों का तथ्यात्मक आधार, सूचना का उनका स्रोत और आरोपों के समर्थन में मौजूद दस्तावेज या अन्य सामग्री पेश करने के लिए कहने का आग्रह किया। कुमार ने कहा कि इन नेताओं ने सार्वजनिक रूप से कुछ विशेष आरोप लगाए हैं और 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से जुड़े निश्चित आंकड़े भी बताए हैं। सीसीटीवी कैमरे बंद कर हजारों

*विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने अयोध्या पुलिस को पत्र लिखकर राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी को लेकर कांग्रेस नेता एवं सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत कई विपक्षी नेताओं*

करोड़ चोरी का आरोप पत्र में कहा गया, "उपरोक्त और अन्य व्यक्तियों द्वारा लगाए गए आरोपों से यह विश्वास होता है कि वे मामले के तथ्यों और परिस्थितियों से परिचित हैं।" कुमार ने उनके सार्वजनिक बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रियंका गांधी ने सवाल किया था कि क्या केवल कनिष्ठ कर्मचारी ही सीसीटीवी कैमरे बंद कर हजारों करोड़ रुपये के चढ़ावे में हेरफेर कर सकते थे या इसमें प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं। रामगोपाल यादव ने भी मंदिर से कीमती वस्तुओं की चोरी के लगाए आरोप कुमार ने कहा कि केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भगवान राम की माला, चरण पादुका, हीरे, आभूषण, चांदी की ईंटें और दीपक के अलावा करीब 200 करोड़ रुपये की नकदी चोरी हुई है तथा उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की चुप्पी पर भी सवाल उठाया था। पत्र में मंदिर में चढ़ाई गई नकदी और कीमती वस्तुओं की "चोरी" को लेकर समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव और 'आप' सांसद संजय सिंह द्वारा कथित रूप से दिए गए सार्वजनिक बयानों का भी उल्लेख किया गया है। विश्वसनीय सामग्री पेश करे विपक्ष, निस्संदेह होगी जांच कुमार ने कहा कि निष्पक्ष, व्यापक और पक्षपात रहित जांच सुनिश्चित करने के लिए लागू कानूनी प्रावधानों के तहत इन लोगों को उपस्थित होने के लिए कहना या उनके बयान दर्ज करना उचित होगा,

## संपादकीय

### पालमपुर में मॉल रोड

एक हल्की सी शुरूआत भी कारवां बदल देती है और इधर हम सदियां गुजार देते हैं बिना कुछ किए। एक सुखद खबर पालमपुर से आई है। पालमपुर के एसडीएम डा. ओपी यादव ने शहर की तासीर में व्यवस्था बसाने की कोशिश करते हुए मुख्य बाजार को मॉल रोड बनाने का जिम्मा उठा लिया। मॉल रोड यानी वाहन प्रतिबंधित मार्ग। शुक्रवार से रविवार तक शहर का मुख्य बाजार पांच से आठ बजे तक वाहन रहित चलेगा। यह कोई पहली कोशिश नहीं। कई प्रशासनिक अधिकारियों ने अलग-अलग शहरों में मुख्य बाजारों या कुछ अहम सडकों को मॉल रोड बनाने की कोशिश की, लेकिन राजनीतिक दखल, संकीर्णता और नागरिक असहयोग से ऐसा संभव नहीं हो पाया। ऐसे में पालमपुर से हो रहा श्रीगणेश शहरी विकास का अनुशासित पहलू दर्ज कर सकता है। शहरों के बाजारों में पर्यटन की मस्ती अगर कायम करनी है, तो इन्हें वाहन रहित घोषित करना पड़ेगा। मंडी, धर्मशाला, कुल्लू, हमीरपुर, कसौली, डलहौजी व तमाम मंदिरों के प्रमुख बाजारों तथा अहम सडकों को वाहन रहित घोषित करने की जरूरत तब पूरी होगी, जब व्यापार मंडल भी सहयोग करेंगे। करीब डेढ़ दशक पूर्व हमीरपुर के मुख्य बाजार को वाहन रहित मॉल रोड बनाने की मांग उठी, लेकिन व्यापार मंडल नहीं माना। धर्मशाला में ऐसे प्रयास विफल रहे, बल्कि व्यापार मंडल द्वारा वन-वे मानचित्र बनाने की कोशिश में भी जनता आड़े आ गई। वाहन रहित बाजार भले ही समय की मांग हैं, लेकिन ऐसे निर्णयों को अमल में लाने के लिए आवश्यक विकल्पों और नीति-नियमों पर गौर करना होगा। वाहन रहित बाजारों की परिकल्पना में शहर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आम नागरिक की सहूलियत से जोडा होगा। पालमपुर के बाजार को मॉल रोड घोषित करने के साथ महापार्किंग तथा बाजार तक पहुंचने के लिए इलेक्ट्रिक कार्ट जैसी सुविधा देनी होगी। धार्मिक स्थलों पर बस स्टैंड से मंदिर परिसरों तक रोपवे बिछा कर, वाहन रहित विकल्प तराशे जा सकते हैं। हिमाचल का शहरी पुनर्गठन आवश्यक है और इसके तहत तमाम नगर निगमों के तहत, शहरी विकास योजनाओं का प्रारूप अब अगली सदी के संबोधन में साबित करना होगा। कोलकाता जैसे कई प्राचीन शहरों ने इस लिहाज से कई परियोजनाओं पर काम किए हैं। कोलकाता के बीचों-बीच स्थित कई स्कूल इसलिए अन्यत्र शिफ्ट किए ताकि परिवहन की बाधाएं हटें। कई शहरों में नए ट्रांसपोर्ट कोरिडोर बनाए जा रहे हैं। हिमाचल में परिवहन के विकल्प तथा भौगोलिक स्थिति के अनुरूप रज्जु मार्ग, झूला पुल तथा पैदल भ्रमण कोरिडोर विकसित करने होंगे। इतना ही नहीं, हर शहर की दीर्घकालीन परियोजनाओं में न्यू मार्किट, सब्जी बाजार, कार्यालय परिसर, सामुदायिक मैदान, महापार्किंग स्थल, स्थानीय परिवहन नेटवर्क, टैक्सी स्टैंड, वोल्वो बस स्टैंड, सामुदायिक सेवा स्थल-काउंटर, मनोरंजन पार्क तथा विभिन्न गतिविधियों के जोन स्थापित करने होंगे। बेशक हिमाचल के कुछ शहर नगर निगमों के परिचय से सुसज्जित हो गए हैं, लेकिन इनके परिचय में निखार के लिए नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं, परियोजनाओं और प्राथमिकताओं में बदलाव चाहिए।

## चिंतन-मनन

### सुखी जीवन की राह

एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला - मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नहीं मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नहीं बन पा रहा हूं।

राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा - मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला - तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगों की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है।

इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन और बलिदान से देश को दिए प्राण


हेमेन्द्र क्षीरसागर

डां श्यामाप्रसाद मुखर्जी ऐसे महान देशभक्त थे जिन्होंने राष्ट्र के चरमोत्कर्ष, एकता और अखण्डता की यज्ञवेदी पर अपना प्राणोत्सर्ग कर दिया। वह एक साथ ही शि?क्षाविद्, लेखक, सासंद, राजनीतिज्ञ और मानवतावादी कट्टर देशभक्त थे। इन्होंने विद्याध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की और शीध्र ही एक प्रख्यात शिक्षाविद् और प्रशासक के रूप में प्रतिष्ठित हो गए। उनकी इस उपलब्धि को मान्यता उस समय प्राप्त हुई जब 1934 में कलकत्ता विश्विद्यालय के कुलपति नियुक्त होने वालों में वह सबसे कम आयु के थे। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्वतंत्र भारत के निमार्ताओं में से थे।

राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रबल समर्थक डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था। वे उन नेताओं में से थे, जो खुद आगे आकर जोखिम झेलते हैं। उनके लिए भारत प्रथम था और भारत की अखण्डता और वैभव ही प्रमुख लक्ष्य। जान दे दी, पर कश्मीर जाने नहीं दिया। मंत्रीमंडल को ठोकर मार दी, लेकिन सिंद्धातों से समझौता नहीं किया। हॉं, मैं हिन्दू हूॅं इस देश का राष्ट्रत्व हिन्दू हैं। यह अटल सत्य हैं, पर इसका अर्थ यह नहीं कि हिन्दू किसी दूसरे मजहब या उपासना पद्धति के विरूद्ध हैं। ऐसा होता तो इतिहास ही कुछ और होता। कश्मीर हर हिन्दुस्तानी का हैं। हर दिल में कश्मीर के लिए दर्द उठना चाहिए जो हनीफुद्दीन और अजय आहूजा के दिलों में उठा।

डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन और अपने बलिदान, दोनों से ही इस देश को प्राण दिए। उनके लिए भारतीय होने का अर्थ राजनीति के कपट जाल में फॅंसना नहीं, वरन् उस कपट जाल को तोडना था। बहुत कम लोगों को यह जानकारी होगी कि आज जो पंजाब और बंगाल का हिस्सा भारत में दिखता हैं, उसके पीछे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखजी का जुझारूपन और आंदोलन मुख्य कारण रहे हैं। डॉ. मुखर्जी के वह शब्द इतिहास में प्रसिद्ध हैं, जब उन्होंने कहा था, 'कांग्रेस ने हिन्दुस्तान का बॅंटवारा किया और मैंने पाकिस्तान का।' इस देश का दुर्भाग्य रहा कि स्वतंत्र, किन्तु खंडित भारत की कमान उस व्यक्ति के हाथों में सौंपी गई, जिसे भारतीयता किवां हिन्दुत्व से चिढ थी और स्वयं को देश का अंतिम ब्रिटिश शासक कहलाने में गर्व का अनुभव करता था।

श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने देखा कि विभाजन की भीषण त्रासदी झेलकर जो हिन्दु भारत पहुॅंच रहे हैं और जो पाकिस्तान में रह गए हैं, उनके प्रति पंडित नेहरू बेहद उपेक्षपूर्ण और बहुत हदतक निर्मम नीति अपना रहे हैं। इस बिन्दु पर सरदार पटेल और पं. नेहरू में गम्भीर मतभेद पैदा हो गए थे। सरदार पटेल तो यहॉं तक चाहते थे कि पूर्वी पाकिस्तान से कुछ जमीन ले लेनी चाहिए। भले ही इसके लिए सशस्त्र पुलिस कार्यवाही ही क्यों न करनी पडे पं. नेहरू ने लियाकत अली से समझौताकर हिन्दुओं के भविष्य को पूरी तरह पाकिस्तानी दरिन्दों के हाथों में छोड दिया। यह देखकर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आगबबूला हो उठे और उन्होंने उद्योग तथा आपूर्ति मंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया। अपना त्यागपत्र देते समय उन्होंने इसके पीछे के कारणों का विस्तार से उल्लेख किया जो आज भी ऐतिहासिक तथा प्रेरणप्रद एक दस्तावेज के रूप में माना जाता हैं।

संकल्पित, मंत्रीमण्डल से त्यागपत्र देने के बाद डॉ. मुखर्जी ने संसद में प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने का निश्चय किया। लेकिन वह जल्दी ही समझ गए कि प्रतिपक्ष की प्रभावी भूमिका निभाने के लिए संगठित पार्टी बनाना जरूरी हैं। इसी उद्देश्य से वह प्रतिपक्ष के राजनीतिक मंच के गठन की संभावनाओं को तलाशने की ओर अग्रसर हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी किसी सशक्त व्यक्तित्व के नेतृत्व में राजनीतिक दल प्रारंभ किए जाने की जरूरत महसूस कर रहा था। डॉ. मुखर्जी और स्वयंसेवक संघ दोनों ही जिस बात की आवश्यकता अनुभव कर रहे थे। वह समान थी और इसी में से अक्टूबर, 1951 में भारतीय जनसंघ का उद्भव हुआ जिसके संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे।

डॉ. मुखर्जी को अपने जीवन में बडी चुनौती का समना दो वर्ष बाद 1953 में करना पडा। जम्मू और कश्मीर में शेख अब्दुल्ला की पृथकतावादी राजनीतिक गतिविधियों से उभरी अलगाववादी प्रवृत्यिां 1952 तक बल पकडने लगी थीं, जिससे राष्ट्रीय मानस विक्षुब्ध हो उठा। डॉ. मुखर्जी ने प्रजा परिषद् के सत्याग्रह को पूर्ण दिया जिसका उद्देष्य जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना था। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा था, अलग संविधान था और वहां का मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री कहलाता था।

डॉ. मुखर्जी ने जोरदार नारा बुलन्द किया थाः ' एक देश में दो निशान, एक देश में दो प्रधान, एक देश में दो विधान, नहीं चलेंगे, नहीं चलेंगे। अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त कियाः या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा।' अपने संकल्प को पूरा करने के लिए उन्होंने नई



दिल्ली में नेहरू सरकार और श्रीनगर में शेख अब्दुला की सरकार को चुनौती देने का निश्चय किया और पं. नेहरू से कहा कि वे जम्मू जरूर जाएंगे और बिना 'परमिट' के जाएंगे।

बलिवेदी, 11 मई को रावी पर करते समय ही लखनपुर में डॉ. मुखर्जी को गिरफ्तार कर श्रीनगर जेल ले जाया गया। 40 दिन तक न उन्हें चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई और न अन्य बुनियादी सुविधाएं दी गई। भारत का यह शेर श्रीनगर की जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में 23 जून 1953 को चिरनिद्रा में सोया गया। श्रद्धांजलि स्वरूप नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 और 35 ए द्वारा दिए गए विशेष दर्जे को हटाने के लिए संसद ने 5 अगस्त, 2019 को मंजूरी दी। यह ऐतिहासिक भूल को ठीक करने वाला ऐतिहासिक कदम था।

# अगले जनम मोहे बिटिया ना कीजो


मेलोडियस पीहू

बेटी होना केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि ईश्वर का सबसे सुंदर विश्वास है। एक बेटी अपने माता-पिता की उम्मीद होती है, उनके संघर्षों का परिणाम होती है, उनके सपनों की उड़ान होती है। माँ अपनी ममता और पिता अपनी पूरी ज़िंदगी लगा देते हैं ताकि उनकी बेटी या बेटा एक अच्छा इंसान बन सके।

लेकिन आज जब आए दिन ऐसी खबरें सामने आती हैं कि कहीं पत्नी ने पति की हत्या कर दी, कहीं पति ने पत्नी की हत्या कर दी, कहीं माँ अपने बच्चों को छोड़कर चली गई, कहीं पिता ने परिवार उजाड़ दिया, कहीं सास और दामाद के रिश्ते जैसी शर्मनाक घटनाएँ सामने आ रही हैं, तो मन एक ही सवाल पूछता है–आखिर हमारे समाज को हो क्या गया है?

हाल के कुछ चर्चित मामलों–जैसे राजा रघुवंशी हत्याकांड, सोनम रघुवंशी, सिया गोयल, मुस्कान और अन्य मामलों ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यदि किसी मामले में आरोप सिद्ध होते हैं, तो वह अपराध किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हो सकता। लेकिन साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि किसी एक व्यक्ति के अपराध के आधार पर पूरी बेटी जाति या पूरे महिला समाज को कटघरे में खड़ा न किया जाए। अपराधी, अपराधी होता है–चाहे वह पुरुष हो या महिला।



लेकिन एक बेटी होने के नाते मैं हर बेटी से कुछ कहना चाहती हूँ...

बहन, अगर तुम्हें किसी लड़के से शादी नहीं करनी है, तो साफ मना कर दो।

अगर परिवार तुम्हारी बात नहीं सुन रहा, तो उस लड़के को सच बता दो। उसके परिवार को बता दो। किसी भरोसेमंद रिश्तेदार, दोस्त, शिक्षक या किसी बड़े की मदद ले लो। अपनी आवाज उठाओ। कानून का सहारा लो। घर छोड़ दो, लेकिन किसी की जान मत लो।

याद रखो...

टूटा हुआ रिश्ता फिर भी जीवन जीने देता है, लेकिन छीनी हुई ज़िंदगी कभी वापस नहीं आती।

जिस लड़के को तुम मारती हो, उसके साथ केवल एक इंसान नहीं मरता। उसके माता-पिता के सारे सपने मर जाते हैं। उसकी माँ की गोद हमेशा के लिए सूनी हो जाती है। उसके पिता की बुढ़ापे की लाठी टूट जाती है। उसकी बहन की राखी अधूरी रह जाती है। उसके बच्चों का भविष्य उजड़ जाता है। एक हत्या केवल एक शरीर नहीं मारती, कई ज़िंदगियाँ बर्बाद कर देती है।

और यही बात लड़कों पर भी लागू होती है।

अगर कोई लड़की तुम्हें पसंद नहीं करती, अगर रिश्ता नहीं निभाना चाहती, तो उसे सम्मान के साथ जाने दो। तेजाब फेंकना, हत्या करना, प्रताड़ित करना या बदला लेना कभी मर्दानगी नहीं हो सकती।

आज सोशल मीडिया ने भी हमारे समाज को बहुत प्रभावित किया है। दिखावे की दुनिया में लोग रिश्तों को भी एक वस्तु की तरह देखने लगे हैं। कुछ लोग कुछ लाइक्स, कुछ फॉलोअर्स, कुछ पैसों या कुछ पलों के आकर्षण के लिए अपने पूरे परिवार को दाँव पर लगा देते हैं। चार-चार, पाँच-पाँच बच्चों को छोड़कर चले जाना, विश्वास तोड़ देना, विवाह जैसे पवित्र बंधन का मजाक बना देना–क्या यही आधुनिकता है?

नहीं।

और मेरी हर बेटी से हाथ जोड़कर एक आखिरी विनती...

हमें बेटी होने पर लोगों को गर्व करने का अवसर दीजिए, शर्मिंदा होने का नहीं।

आपकी सबसे बड़ी पहचान आपका चेहरा नहीं, आपका चरित्र है।

आपकी सबसे बड़ी सुंदरता आपका श्रृंगार नहीं, आपके संस्कार हैं।

आपकी सबसे बड़ी ताकत आपकी आवाज नहीं, आपका विवेक, आपका धैर्य और आपकी इंसानियत है।

याद रखिए–

'आधुनिक बनिए, लेकिन अपने संस्कार कभी मत छोड़िए।'

'अगर शादी नहीं करनी, तो सम्मान के साथ 'ना' कह दीजिए; लेकिन किसी की जान लेने का अधिकार इस दुनिया में किसी को नहीं मिला।'

'रिश्ता निभा सकें तो पूरे सम्मान से निभाइए, और अगर निभा न सकें तो पूरे सम्मान के साथ अलग हो जाइए।'

'माँ-बाप अपने बच्चों को बड़ी उम्मीदों और अनगिनत त्याग के साथ पालते हैं। किसी का बेटा हो या बेटी, उनकी हत्या केवल एक इंसान की नहीं, बल्कि पूरे परिवार के सपनों की हत्या होती है।'

आइए, ऐसा समाज बनाएँ जहाँ बेटियाँ भी सुरक्षित हों, बेटे भी सुरक्षित हों; जहाँ प्रेम में विश्वास हो, रिश्तों में सम्मान हो और इंसानियत सबसे ऊपर हो।

क्योंकि अंत में इंसान की पहचान उसके रूप, धन, प्रसिद्धि या आधुनिकता से नहीं, बल्कि उसके चरित्र, उसके संस्कार और उसके कर्मों से होती है। यही हमारी असली पहचान है, यही भारत की पहचान है।

# क्या नितिन गडकरी की ई20 नीति की वजह से खराब हो रही हैं गाड़ियां?

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पर इन दिनों चौतरफा हमले हो रहे हैं। कभी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ई20 पेट्रोल को वाहनों की खराबी का कारण बताया जा रहा है, तो कभी सड़कों पर उतरने की चेतावनी देकर केंद्र सरकार की एथनॉल नीति के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, जो लंबे समय से एथनॉल मिश्रित ईंधन को भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और किसानों की आय बढ़ाने का माध्यम बताते रहे हैं, अब उसी नीति को लेकर गंभीर सवालों के घेरे में हैं।

हम आपको बता दें कि ई20 यानी पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक एथनॉल मिश्रण को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। ताजा मामले में बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप ने अपनी टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस में आई खराबी का आरोप सीधे ई20 पेट्रोल और सरकार की नीति पर लगाया है। मनीष का दावा है कि उनकी दो महीने पुरानी और लगभग 12 हजार किलोमीटर चली गाड़ी का इंजन अचानक खराब हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि फ्यूल टैंक से निकाले गए पेट्रोल में 20 प्रतिशत से अधिक एथनॉल और अशुद्धियां मिलीं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वह काफी भावुक नजर आए और बोले कि लाखों रुपये खर्च कर खरीदी गई गाड़ी इतनी जल्दी खराब हो जाना गंभीर चिंता का विषय है।

देखा जाये तो मनीष कश्यप अकेले नहीं हैं। देशभर में हजारों वाहन मालिक माइलेज घटने, इंजन परफॉर्मेंस कम होने और वाहनों में तकनीकी समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं। कई वीडियो में गुलाबी रंग का पेट्रोल, टंकी में पानी जैसी परत और अन्य अशुद्धियां दिखाकर दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल में एथनॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक है। हालांकि सरकार और पेट्रोलियम मंत्रालय इन दावों को खारिज कर रहे हैं।

इस विवाद ने अब राजनीतिक और सामाजिक रूप भी ले लिया है। राजनीतिक विश्लेषक तहसीन पूनावाला ने दिल्ली के जंतर मंतर पर ई20 नीति के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान किया है। 'टीम भारत अगेंस्ट द एथनॉल स्कैम' के बैनर तले प्रस्तावित इस प्रदर्शन को एथनॉल नीति के खिलाफ पहला बड़ा सार्वजनिक आंदोलन बताया जा रहा है। पूनावाला का



कहना है कि लोग एथनॉल नीति के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि इसकी जल्दबाजी में की गई क्रियान्वयन प्रक्रिया और उपभोक्ताओं को विकल्प न दिए जाने का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली तो कुछ लोग नितिन गडकरी के आवास के बाहर धरने पर बैठ सकते हैं।

देखा जाये तो विवाद केवल वाहन खराबी तक सीमित नहीं है। एक उद्योगपति ने भी सरकार की ई20 नीति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में हुई सुनवाई का हवाला देते हुए कहा कि सरकार जनता के सामने इस योजना को पूरी तरह सफल बता रही है, लेकिन अदालत में इसे अभी भी 'चल रहा प्रयोग' बताया गया। हालांकि बाद में अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने इस दावे को गलत बताया। वहीं उक्त उद्योगपति का कहना है कि असली चिंता उन उद्योगों और निवेशकों की है जिन्होंने सरकार की नीति पर भरोसा करके एथनॉल संयंत्रों में अरबों रुपये का निवेश किया। यदि एथनॉल की खरीद और मांग ही निश्चित नहीं है, तो निवेशकों को किस भरोसे निवेश के लिए प्रेरित किया गया।

हम आपको बता दें कि सर्वोच्च न्यायालय में यह मामला भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड और कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश से जुड़ा था, जिसमें एथनॉल आवंटन प्रक्रिया को दोबारा खोलने की बात कही गई थी। इस सुनवाई के दौरान यह भी सवाल उठा कि सरकार द्वारा एथनॉल खरीद की बाध्यता वास्तव में कितनी मजबूत है। आलोचकों का कहना है कि यदि खरीद केवल 'सर्वश्रेष्ठ प्रयास' के आधार पर होगी तो उद्योगों की वित्तीय स्थिरता पर खतरा पैदा हो सकता है।

सोशल मीडिया पर कई लोगों ने एथनॉल नीति के आर्थिक और कृषि प्रभावों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि ई20 कार्यक्रम भारत को विदेशी मक्के और उससे बने उत्पादों पर अधिक निर्भर बना सकता है। सोशल मीडिया यूजर्स ने यह भी आरोप लगाया है कि यह नीति अब किसान केंद्रित कम और आयात आधारित ढांचे जैसी अधिक दिखाई देने लगी है। उन्होंने सरकार से ई20 की अनिवार्यता पर पुनर्विचार कर ई5 या ई10 जैसे विकल्प फिर से उपलब्ध कराने की मांग की है।

वहीं देशी और विदेशी वाहन निमार्ता कंपनियों ने ई20 पेट्रोल को लेकर मिश्रित लेकिन संतुलित रुख अपनाया है। मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा मोटर्स, महिंद्रा, टोयोटा, होंडा और किआ जैसी कंपनियों ने कहा है कि अप्रैल 2023 के बाद बने अधिकांश नए वाहन ई20 अनुकूल बनाए जा चुके हैं और उनमें इस ईंधन के इस्तेमाल से कोई बड़ा सुरक्षा खतरा नहीं है। वाहन उद्योग संगठन सियाम ने भी माना है कि ई20 से माइलेज में लगभग 2 से 4 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है, लेकिन इससे स्थायी इंजन क्षति का कोई प्रमाण नहीं मिला है। वहीं महिंद्रा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्वीकार किया कि ई20 सुरक्षित तो है, लेकिन इससे परफॉर्मेंस और माइलेज पर असर पड़ सकता है। टोयोटा सहित कई कंपनियों ने अपने नए पेट्रोल मॉडलों को ई20 अनुकूल घोषित किया है, जबकि कुछ विशेषज्ञों और कंपनियों ने पुराने वाहनों में सावधानी बरतने की सलाह दी है।

दूसरी ओर केंद्र सरकार लगातार इस योजना का बचाव कर रही है। सरकार का दावा है कि भारत ने निर्धारित समय से पहले दिसंबर 2025 में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम से देश को 1.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा बचत हुई, किसानों को 1.60 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान हुआ और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में भारी कमी आई। सरकार का कहना है कि इससे 310 लाख मीट्रिक टन से अधिक कच्चे तेल का विकल्प तैयार हुआ। सरकार का यह भी कहना है कि वाहन कंपनियों और सियाम के साथ व्यापक चर्चा के बाद ही ई20 लागू किया गया और कई निमार्ता वर्ष 2009 से ही ई20 अनुकूल इंजन विकसित कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी माइलेज घटने के दावों को मामूली बताया है। उनका कहना है कि एथनॉल मिश्रित ईंधन से इंजन की नॉकिंग कम होती है और वाहन की गति क्षमता बेहतर होती है। वहीं नितिन गडकरी ने एथनॉल विरोधी प्रचार को 'पेड कैंपेन' करार दिया है। उनका आरोप है कि पेट्रोलियम लॉबी भारत की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होने से परेशान है और इसलिए दुष्प्रचार कर रही है। गडकरी ने यह चुनौती भी दी कि दुनिया में कोई एक उदाहरण दिखाया जाए जहां ई20 पेट्रोल से वाहन स्थायी रूप से खराब हुए हों।

बहरहाल, फिलहाल एथनॉल मिश्रित पेट्रोल पर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा। एक ओर सरकार इसे किसानों, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था के लिए क्रांतिकारी कदम बता रही है, तो दूसरी ओर उपभोक्ता, वाहन मालिक और कुछ उद्योग विशेषज्ञ इसके प्रभावों को लेकर गंभीर चिंता जता रहे हैं। आने वाले समय में यह बहस केवल सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सड़कों, अदालतों और राजनीतिक मंचों तक और तेज होती दिखाई दे सकती है।

# देहरी गुर्जर ग्राम पंचायत में वन महोत्सव अभियान के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के देहरी गुर्जर ग्राम पंचायत में वन महोत्सव सप्ताह के उपलक्ष्य में भव्य वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए विशेष मुहिम चलाई गई।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान खुशबू ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जागरूक किया। इस मौके पर ग्रामीण जन, महिलाएं और सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वन विभाग की ओर से सक्षम अधिकारी पलट राम, गंगेश्वरी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान वन विभाग द्वारा आम के पौधों का वितरण किया गया। अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों और अन्य व्यक्तियों को पौधे सौंपे गए, ताकि वे इन्हें अपने घरों, खेतों और आसपास के क्षेत्रों में लगाकर हरियाली बढ़ा सकें। इस अवसर पर कुल 150 पौधों का रोपण किया गया। समारोह में सभी उपस्थित अतिथियों, ग्रामीणों और सम्मानित नागरिकों से वृक्षारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया गया। ग्राम प्रधान खुशबू ने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इनकी देखभाल और संरक्षण हमारा सामूहिक दायित्व है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले भर में वन महोत्सव सप्ताह के तहत ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की सफलता पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में ऐसे आयोजनों को और बढ़ाने का संकल्प लिया।

# 31 जुलाई की महा रैली बनेगी सामाजिक परिवर्तन का शंखनाद :- सत्यपाल तोमर





**अमरोहा (सब का सपना):-** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आगामी 31 जुलाई को आयोजित होने वाली सामाजिक समरसता महा रैली को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से सुभासपा के जिला कार्यालय अमरोहा में मासिक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, रैली की तैयारियों, जनसंपर्क अभियान व कार्यकताओं की भूमिका पर विस्तार से मंथन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि 31 जुलाई की महा रैली केवल भीड़ जुटाने का कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक समरसता, समान अधिकार और सर्वसमाज की एकता का विराट अभियान है। यह रैली समाज के हर वर्ग की आवाज को मजबूती देने का माध्यम बनेगी और सामाजिक न्याय के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सुभासपा का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सम्मान अधिकार व विकास की मुख्यधारा को पहुंचाना है। पार्टी जाति, वर्ग और क्षेत्र की संकीर्ण राजनीति से ऊपर उठकर सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और समान अवसर की विचारधारा पर कार्य कर रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी पूंजी उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। यदि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने गांव, वार्ड व बूथ स्तर पर सक्रिय होकर लोगों से संवाद स्थापित करेगा तो यह महा रैली निश्चित रूप से ऐतिहासिक होगी। उन्होंने युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों, पिछड़े, दलित और वंचित समाज की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि यही वर्ग देश और समाज की वास्तविक ताकत हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएं, घर-घर पहुंचकर लोगों को रैली के उद्देश्य से अवगत कराएं तथा अधिक से अधिक समर्थकों को दिल्ली ले जाने की कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने विश्वास जताया कि अमरोहा जनपद से बड़ी संख्या में कार्यकताओं की भागीदारी रैली को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों को संगठन विस्तार और रैली की सफलता के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं इसी क्रम में विनीत चौहान को जिला उपाध्यक्ष, ओर पदम सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष अमरोहा बनाया गया तथा नियुक्ति पत्र सौंपे तथा बूथ स्तर तक जनसंपर्क अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान राजेन्द्र सिंह बग्गा,आदेश अमरोही, अतीकुर्रहमान, मोहम्मद नाज़िम, डॉ. जगत सिंह गुर्जर, जसवीर सिंह चौहान जितेन्द्र राणा,प्रीत चौधरी, विनीत चौहान, रामगोपाल जाटव, पदम सिंह सलमान, शुभम आदि मौजूद रहे।

# गजरौला में GPA और JEM की संयुक्त बैठक, पंजाबी समाज के विकास हेतु 10 प्रस्ताव पारित





**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** नगर स्थित कांता रिसोर्ट में रविवार को 'ग्लोबल पंजाबी एसोसिएशन' (GPA) और 'जट्ट एकता मंच' (JEM) की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक का संचालन जगवीर सिंह मल्ली ने किया तथा अध्यक्षता प्रहलाद सिंह ढिल्लो ने की। इस अवसर पर GPA के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सोरन सिंह, GPA उत्तर प्रदेश के महासचिव अमरदीप सिंह महाल एवं GPA अमरोहा जिला अध्यक्ष श्री मनजीत सिंह सिद्धू विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पंजाबी समाज की सांस्कृतिक विरासत, शैक्षिक विकास और सामाजिक समस्याओं पर गहन मंथन हुआ। सर्वसम्मति से निम्न 10 प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें पंजाब से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विस्थापन के इतिहास पर शोध करने वाले प्रथम 5 शोधार्थियों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। समाज के सभी सदस्य आपस में और बच्चों के साथ घर में मातृभाषा "मिश्रित पंजाबी" में ही संवाद करेंगे। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बीमारी या संकट में तन, मन, धन से सहायता की जाएगी। भ्रूण हत्या का विरोध और बेटियों की शिक्षा व संस्कार पर विशेष जोर। प्रत्येक सदस्य द्वारा कम से कम 1 पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प। हर 6 माह में गुरु इतिहास और गुरुद्वारा दर्शन हेतु 51 सदस्यों का जत्था पंजाब भेजा जाएगा। हिंदू-सिख एकता को मजबूत करते हुए सर्व समाज के साथ भाईचारे से रहने पर बल। मृत्युभोज, करवाचौथ, शादी-विवाह में दिखावे के खर्च को समाप्त करने का निर्णय। गंगा एक्सप्रेस-वे में भूमि अधिग्रहण पर उचित मुआवजे के लिए सरकार और मुख्यमंत्री से मांग। स्कूली पाठ्यक्रम में सिख गुरुओं के बलिदान और वीरता के इतिहास को शामिल करने की मांग। बैठक के समापन पर अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ढिल्लो ने कहा कि ये निर्णय समाज की दिशा बदलने में मील का पत्थर साबित होंगे। महासचिव अमरदीप सिंह महाल और जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह सिद्धू ने सभी से प्रस्तावों को ईमानदारी से लागू करने का आह्वान किया।

# थाना हसनपुर पुलिस द्वारा जिला बदर अभियुक्ता के विरुद्ध की गई कार्यवाही



**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे जीरो टॉलरेंस अभियान के क्रम में थाना हसनपुर पुलिस द्वारा जिला बदर अभियुक्ता के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। थाना हसनपुर क्षेत्र के मौहल्ला खैवान निवासी अभियुक्ता अनिता पत्नी स्व0 जगदीश को गुण्डा अधिनियम की धारा 3/4 के अंतर्गत 06 माह के लिए जनपद अमरोहा की सीमा से निष्कासित किया गया था। रविवार को थाना हसनपुर पुलिस द्वारा अभियुक्ता के मौहल्ले में डुगडुगी पिटवाकर मुनादी कराई गई। मुनादी के माध्यम से आमजन को सूचित किया गया कि अभियुक्ता को 06 माह के लिए जिला बदर किया गया है। उसे जनपद की सीमा से बाहर जनपद बिजनौर में छोड़ा गया है। आमजन से अपील की गई है कि यदि जिला बदर अवधि के दौरान अभियुक्ता जनपद अमरोहा की सीमा में कहीं भी दिखाई दे अथवा लुक-छिपकर निवास करे तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। जिला बदर अवधि में जनपद की सीमा में पाए जाने पर अभियुक्ता के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# धनौरा क्षेत्र में पेड़ पर लटका मिला 23 वर्षीय युवक का शव, मामले की जांच में जुटी पुलिस





**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद की मंडी धनौरा थाना क्षेत्र में एक 23 वर्षीय युवक का शव उसके घर के नजदीक एक खेत में खड़े आम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई। बता दें कि पूरा मामला मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव अहरौला माफी का है जहां पर एक 23 वर्षीय युवक का शव उसके घर के नजदीक एक खेत में खड़े आम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला।मृतक की पहचान 23 वर्षीय निखिल कुमार पुत्र श्यौराज सिंह के रूप में हुई है। निखिल पंजाब के लुधियाना में एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि निखिल की अपने परिवार से लगातार फोन पर बात होती रहती थी।हाल ही में निखिल पंजाब से लौटा था, लेकिन वह सीधे अपने घर नहीं गया। वह बछरायूं थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी रिश्तेदारी में रुका हुआ था।आशंका है कि वह रिश्तेदारी से निकलकर अपने गांव के पास खेत में आया और आम के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। सुबह ग्रामीणों ने जब शव देखा, तो उन्होंने तुरंत यूपी-112 और स्थानीय पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही मंडी धनौरा थाना प्रभारी अमरपाल सिंह और रसूलपुर चौकी इंचार्ज मुइन खान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा।थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर बारीकी से जांच कराई गई है और आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।उन्होंने आगे बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों और परिस्थितियों का पता चल सकेगा। मामले की जांच जारी है।

# अमरोहा कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन

### सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त,सीसीटीवी से होगी निगरानी





**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में आगामी श्रावण मास में शुरू होने वाली कावड़ यात्रा को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ नितिन गौड़ की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव की उपस्थिति में एक पीस कमेटी की बैठक का आयोजन कराया गया।इस दौरान बैठक में शिविर आयोजकों, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बता दें कि बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि अमरोहा एक शांतिप्रिय जनपद है और इस पहचान को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सामूहिक प्रयासों से इस बार भी कांवड़ यात्रा पूर्व की भांति सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न होगी। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे हर सप्ताह कम से कम दो बार पीस कमेटी और संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करें।डीएम ने जनता से अपील की कि सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक या अफवाह वाली पोस्ट को साझा न करें। ऐसी कोई भी सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। प्रमुख मंदिरों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जलाभिषेक वाले मंदिरों पर समय रहते साफ-सफाई, पेयजल, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और पीए सिस्टम की व्यवस्था पूरी कर ली जाए।कांवड़ मार्गों को लेकर उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मार्ग गड्ढामुक्त किए जाएं और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हो। डिवाइडर और बिजली के खंभों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएं। मार्गों पर पर्याप्त रोशनी, घास-झाड़ियों की कटाई और जलभराव की निकासी समय पर सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग को जर्जर तार बदलने और ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग करने के निर्देश भी दिए गए।पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने कहा कि कांवड़ मार्गों और शिविरों में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे और पीए सिस्टम लगाए जाएं।

शिविरों में महिलाओं के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। अग्निशमन विभाग को आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने और प्रमुख स्थानों पर बड़े साइन बोर्ड लगाने को कहा गया।

# धनौरा में भाकियू (टिकैत) की मासिक बैठक का आयोजन

### सर्किल रेट बढ़ने तक जमीन का बैनामा ना करने का अल्टिमेट,दी आन्दोलन की चेतावनी



**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद की मंडी धनौरा के ब्लॉक परिसर में रविवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) गुट की मासिक बैठक का आयोजन कराया गया। जिसमें बैठक के दौरान वहां मौजूद किसानों ने क्षेत्र से जुड़ी अहम समस्याओं के मुद्दों को उठाया साथ ही उन्होंने गंगा एक्सप्रेसवे और महाकोरिडोर योजना के तहत भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों ने विरोध भी जताया। इसके अलावा वहां मौजूद किसानों ने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जब तक सरकार सर्किल रेट नहीं बढ़ाती तब तक हम अपनी जमीनों का बैनामा नहीं करेंगे। इस दौरान उन्होंने प्रशासन को बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। बता दें कि रविवार को आयोजित इस बैठक में भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में गंगा एक्सप्रेसवे (मंगरोला से हरिद्वार फोरलेन) के लिए किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यहां जमीनों का सर्किल रेट बेहद कम है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक सर्किल रेट में सम्मानजनक बढ़ोतरी नहीं होती, तब तक किसान किसी भी कीमत पर भूमि नहीं देंगे। इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा हाईवे की एक किलोमीटर की परिधि में भी किसानों की जमीन लेने की तैयारी का पुरजोर विरोध किया गया।किसानों ने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) द्वारा बनाए जा रहे महा-कॉरिडोर विस्तार की योजनाओं को तत्काल रोकने की मांग की। पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि मंगरोला से हरिद्वार फोरलेन प्रक्रिया में किसानों के हितों और उचित मुआवजे को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि शासन-प्रशासन ने जल्द ही इन मांगों का समाधान नहीं निकाला, तो संगठन बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा। छोटे किसानों को खाद की समस्या का समाधान करने की भी मांग की गई।संगठन ने 6 जुलाई को अतरासी मंदिर पर प्रस्तावित महापंचायत में अधिक से अधिक कार्यकताओं से पहुंचने की अपील की।इस महत्वपूर्ण पंचायत में रामवीर सिंह, राम सिंह, चरण सिंह, रंजीत सिंह, मुकेश शर्मा, दीपा धनौरी, भारत सिंह त्यागी, सुरेंद्र सिंह, संजय सिंह अम्हेड़ा, अली जफर, भयंकर सिंह यादव, झुंडे सिंह और अतर सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमरोहा पुलिस का यातायात जागरूकता अभियान, 374 वाहनों के काटे चालान





**अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में जनपद अमरोहा में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस द्वारा जनपद के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों, राहगीरों एवं आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, ओवरलोडिंग से बचने तथा यातायात संकेतकों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। तेज गति एवं लापरवाही से वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें। नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं। यातायात संकेतों एवं नियमों का पालन करें। सड़क पर धैर्य, अनुशासन एवं जिम्मेदारी का परिचय दें। पुलिस ने बताया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही एवं यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, जिन्हें थोड़ी सी सावधानी से रोका जा सकता है।जनपद में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। कुल 374 चालान किए गए और 9,62,500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसमें ओवर स्पीड के 152 चालान कर 4,55,000 रुपये का सम्मन शुल्क वसूला गया। अन्य नियमों के उल्लंघन पर भी नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि "यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि स्वयं एवं दूसरों के जीवन की सुरक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। सुरक्षित वाहन चलाएं, नियमों का पालन करें और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में अपना योगदान दें।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 10 बिखरे परिवार फिर हुए एक, 28 मामलों का निस्तारण




**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक शनिवार को पुलिस लाइन बहजोई में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवादों को आपसी सहमति और काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया। इस दौरान 10 बिखरे परिवारों को दोबारा एकजुट कराने में सफलता मिली। बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत एवं क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी डॉ. रूकमपाल सिंह ने की। काउंसलिंग के दौरान कुल 87 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई, जिनमें से 28 मामलों का निस्तारण किया गया। इनमें 10 मामलों में पति-पत्नी के बीच समझौता कराकर परिवारों को फिर से एक किया गया, जबकि 3 मामलों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। इसके अलावा 15 पत्रावलियां आवेदक या आवेदिका के काउंसलिंग में उपस्थित न होने अथवा मामले में रुचि न लेने के कारण बंद कर दी गईं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य अदालतों और थानों तक पहुंचने से पहले पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कर परिवारों को टूटने से बचाना है। नियमित रूप से आयोजित होने वाली ऐसी बैठकों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और कई परिवारों के रिश्ते दोबारा जुड़ रहे हैं।

बैठक में काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, श्वेता गुप्ता, बबिता शर्मा, सीमा आर्य के साथ कांस्टेबल शहजाद मलिक एवं महिला आरक्षी विनीता सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# झटका मशीनों पर प्रतिबंध की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन





**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** गौ सेवा संस्थान और समाज हित संरक्षण समिति के नेतृत्व में शनिवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर खेतों और मकानों की सुरक्षा के लिए लगाई जा रही झटका मशीनों की बिक्री एवं उपयोग पर रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि झटका मशीनों से जुड़े बिजली के तारों में तेज करंट होने के कारण गौवंश समेत अन्य पशुओं को गंभीर नुकसान पहुंचता है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि कई बार करंट लगने से गाय, सांड और बंदर बेहोश हो जाते हैं तथा बाद में उन्हें चलने-फिरने में भी परेशानी होती है। इसके अलावा कम ऊंचाई पर लगे तार बच्चों के लिए भी खतरा बने हुए हैं और अनजाने में उनके संपर्क में आने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ लोग झटका मशीनों के बजाय सीधे घरेलू बिजली का करंट तारों में प्रवाहित कर रहे हैं, जिससे जानलेवा हादसे हो रहे हैं। संगठनों ने दावा किया कि हाल के महीनों में करंट लगने से कई लोगों की मौत हुई है और इसके संबंध में उनके पास समाचार पत्रों की कटिंग भी उपलब्ध हैं। संगठनों ने जिलाधिकारी से मांग की कि झटका मशीनों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा जहां-जहां ऐसी मशीनें और करंट वाले तार लगाए गए हैं, उन्हें हटाने की कार्रवाई कराई जाए, ताकि पशुओं और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस दौरान गौरव रस्तोगी, पीताम्बर सिंह, रूप किशोर, विकास बजरंगी, जवाहर सिंह यादव, संजय रस्तोगी, टिंकू कश्यप, दुष्यंत कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का धरना, 7 जुलाई से अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी



**चंदौसी/संभल(सब का सपना):-** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) के बैनर तले शनिवार को किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तहसील परिसर चंदौसी में धरना-प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चले धरने के बाद किसानों ने तहसीलदार को जिलाधिकारी संभल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। ज्ञापन में किसानों ने कहा कि चंदौसी-शाहाबाद मार्ग से सटे हिंदुस्तान प्लेस पार्क की भूमि के पास स्थित उनकी कृषि भूमि मात्र 5 से 7 मीटर की दूरी पर है। इसके बावजूद उन्हें जिलाधिकारी संभल द्वारा जारी मूल्यांकन सूची के सामान्य निर्देश क्रमांक-12 के अनुसार मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि वे इस संबंध में पहले भी जिलाधिकारी कार्यालय में वार्ता कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक समाधान नहीं निकला है। धरना स्थल पर किसानों ने निर्णय लिया कि यदि फोरलेन परियोजना में प्रभावित किसानों को नियमानुसार उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो 7 जुलाई (मंगलवार) से तहसील परिसर चंदौसी में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। किसानों ने चेतावनी दी कि आंदोलन के दौरान यदि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक जिलाधिकारी द्वारा जारी मूल्यांकन सूची के क्रमांक-12 के अनुसार प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल जाता।

धरने में अमर सिंह तोमर, वीरेंद्र सिंह तोमर, अनिल कुमार, प्रमोद कुमार तोमर, चीनू जैन, रामपाल सिंह, ओमवीर सिंह कठेरिया, राहुल कश्यप, उदय पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# ट्रैफिक पुलिस का अभियान, ऑटो से हटवाए अवैध पायदान, यात्रियों को किया जागरूक



**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** सड़क सुरक्षा को लेकर रविवार को संभल तिराहा, बहजोई पर यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान ऑटो में खड़े होकर सवारी ढोने की व्यवस्था बनाने वाले अवैध पायदान मौके पर ही कटवाकर हटवा दिए गए और संबंधित चालकों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई भी की गई। यह अभियान पुलिस अधीक्षक संभल एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के निर्देशन तथा प्रभारी यातायात जगरोशन के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। कार्रवाई के दौरान यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों को निर्देश दिए कि वे क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं और किसी भी यात्री को ऑटो में खड़े होकर यात्रा न कराएं। वहीं यात्रियों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि चलती गाड़ी में खड़े होकर सफर करना जानलेवा साबित हो सकता है।

यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की कि अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और हमेशा यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो।

# 20 जुलाई तक मिलेगा मुफ्त राशन, अंत्योदय कार्डधारकों को तीन महीने की चीनी भी मिलेगी



**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत जुलाई माह के लिए पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क राशन वितरण शुरू कर दिया गया है। खाद्यायुक्त के निर्देशों के अनुसार जिले में आज से 20 जुलाई तक राशन का वितरण किया जाएगा। इस दौरान अंत्योदय कार्डधारकों को अप्रैल, मई और जून के सापेक्ष 3 किलोग्राम चीनी भी निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएगी। जिला पूर्ति विभाग के अनुसार अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न, जिसमें 21 किलोग्राम गेहूं और 14 किलोग्राम चावल शामिल हैं, पूरी तरह निःशुल्क वितरित किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक अंत्योदय कार्ड पर 3 किलोग्राम चीनी 18 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से दी जाएगी। इस प्रकार चीनी के लिए कुल 54 रुपये का भुगतान करना होगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान्न, जिसमें 3 किलोग्राम गेहूं और 2 किलोग्राम चावल शामिल हैं, निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग ने बताया कि खाद्यान्न वितरण में पोर्टेबिलिटी की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे लाभार्थी अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी उचित दर की दुकान से राशन प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि चीनी के वितरण में पोर्टेबिलिटी लागू नहीं होगी। अंत्योदय कार्डधारकों को चीनी केवल अपनी मूल उचित दर की दुकान से ही मिलेगी। जिला पूर्ति विभाग ने सभी राशन कार्डधारकों से अपील की है कि जिन लाभार्थियों ने अभी तक ई-केवाईसी (e-KYC) नहीं कराई है, वे शीघ्र अपनी नजदीकी राशन की दुकान पर जाकर यह प्रक्रिया पूरी करा लें, ताकि भविष्य में राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही सभी पात्र उपभोक्ताओं से 20 जुलाई से पहले अपना राशन प्राप्त करने की अपील की गई है।

# किसानों को प्राकृतिक खेती और आधुनिक तकनीकों की दी गई जानकारी





**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** डीआर रिजॉर्ट,बहजोई में शनिवार को सहकारी विभाग की ओर से किसानों के लिए सहकारिता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को सहकारी विभाग की योजनाओं, प्राकृतिक खेती और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। करीब 300 सहकार बंधुओं ने इसमें भाग लेकर कृषि विशेषज्ञों से संवाद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखनाथ भट्ट ने जनपद में सहकारिता आंदोलन को गति देने के लिए सहकारी विभाग और किसानों के प्रयासों की सराहना की। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक एवं रसायन रहित खेती को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक जैविक उत्पादों के उपयोग से खेती की लागत कम होने के साथ मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वीर विक्रम सिंह, संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता ने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर पैक्स (PACS) समितियों का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जनपद की पैक्स समितियों पर इफको के कीटनाशक एवं अन्य कृषि उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे किसानों को सहकारी संस्थाओं के माध्यम से बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को मिट्टी परीक्षण के आधार पर फसलों को संतुलित पोषण देने और वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की जानकारी दी। इफको मुरादाबाद मंडल के क्षेत्रीय प्रबंधक जितेंद्र गंगवार ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों का सीमित उपयोग करने और सहकारी समितियों पर उपलब्ध वैकल्पिक उत्पादों जैसे जैविक उर्वरक, एनपीके तरल, सागरिका, नैनो डीएपी, नैनो यूरिया तथा नेचुरल पोटाश के उपयोग की सलाह दी। उन्होंने बताया कि ये उत्पाद खेती की लागत कम करने के साथ उत्पादन बढ़ाने में भी सहायक हैं।

कार्यक्रम में ज्ञानप्रकाश, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए जनपद में सहकारी आंदोलन को और मजबूत बनाने की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। अंत में अमित कुमार, क्षेत्र अधिकारी इफको संभल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित किसानों का आभार व्यक्त किया।

# भारत विकास परिषद नवउदय शाखा ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**चंदौसी/संभल(सब का सपना):-** भारत विकास परिषद, नवउदय शाखा चंदौसी द्वारा रविवार सुबह बहजोई रोड पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान सभी ने केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। शाखा अध्यक्ष एडवोकेट विष्णु शर्मा ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण देने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण आवश्यक है। शाखा सचिव मधुर वार्ष्णेय ने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी की जाए।

कार्यक्रम में प्रांत पर्यावरण संयोजक अतुल शंकर चौधरी, संयोजिका प्रीति कश्यप, मोहित गोयल, नितिन गुप्ता, देवेंद्र मलिक, प्रभाष शंकर चौधरी सहित भारत विकास परिषद के अनेक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने, अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। परिषद ने भविष्य में भी समाजहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# विश्व शांति, सद्भाव और मानव कल्याण के लिए हुआ भव्य धार्मिक आयोजन





**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के तत्वावधान में ग्राम नाधौस स्थित बीएमबीएल जैन कॉलेज परिसर में विश्व शांति, मानव कल्याण और वैश्विक सद्भाव की कामना के साथ श्री कल्याण मंदिर विधान एवं हवन महायज्ञ का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों, मंत्रोच्चारण और हवन से परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। कार्यक्रम में न्यास के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार जैन एवं अलका जैन, अमन जैन एवं राशी जैन मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान का संचालन झज्जर (हरियाणा) से आए नीरज जैन शास्त्री ने वैदिक एवं जैन परंपरा के अनुसार मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया। इस अवसर पर डॉ. पवन कुमार जैन ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व अनेक चुनौतियों, अशांति और युद्ध जैसे तनावपूर्ण हालात से गुजर रहा है। ऐसे समय में भगवान महावीर स्वामी का जियो और जीने दो का संदेश संपूर्ण मानवता के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि इसी भावना के साथ विश्व शांति, सद्भाव, अहिंसा और समस्त प्राणिमात्र के कल्याण की कामना से इस विधान एवं हवन महायज्ञ का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत किसी एक धर्म तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे पूरे मानव समाज को शांति, करुणा, सह-अस्तित्व और भाईचारे का मार्ग दिखाते हैं। इन आदर्शों को अपनाकर ही विश्व में स्थायी शांति और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है। कार्यक्रम में बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के सचिव नमन जैन, निदेशक संभव जैन, बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल के प्राचार्य राजीव कुमार गुप्ता, न्यास के संरक्षक संजय जैन, छाया जैन, प्रियल जैन, साक्षी जैन, अभिनय जैन, छात्रावास वार्डन राधा नेगी सहित छात्रावास के सभी छात्र एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का सफल संचालन एवं समन्वय अंकित रावत, डब्ल्यू सिंह, दीपक कुमार तथा सहयोगी टीम ने किया। समापन पर श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति, राष्ट्र की उन्नति और समस्त प्राणिमात्र के मंगल की कामना की। णमोकार मंत्रों की गूंज और भक्तिमय वातावरण ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया।

# वन प्रभाग में तीन रेंजों में हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प






**संभल(सब का सपना):-** वन महोत्सव के तहत रविवार को संभल वन प्रभाग की चंदौसी, संभल और गुन्नौर रेंज में विभिन्न स्थानों पर व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

चंदौसी रेंज के बहजोई सेक्शन अंतर्गत ग्राम खजरा खाकम स्थित शिव मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां गुलमोहर, पीपल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गंभीर यादव, गिरी महाराज एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर पौधारोपण किया। वहीं संभल रेंज में कल्कि धाम, संभल परिसर में विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पंचवटी वाटिका एवं हरिशंकरी वाटिका की स्थापना करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विट्ठलआनंद, संजय वालिया, लवकुश प्रधान, जयपाल, निशांत त्यागी, क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज कुमार तथा संभल रेंज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

इसी क्रम में गुन्नौर रेंज के अंतर्गत ग्राम सिंगोली कल्लू स्थित शिव मंदिर परिसर में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां कदंब, कैसिया (चक्रेसिया) और बॉटलब्रश सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रामश्री, मंदिर सेवक रामलाल, पशु चिकित्सक डॉ. राधे शर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी ब्रजमोहन, रेंज स्टाफ तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि वन महोत्सव का उद्देश्य अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और लोगों को हरियाली के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने सभी से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की, ताकि वे भविष्य में बड़े वृक्ष बनकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

# सेवा सप्ताह के तहत संत रविदास मंदिर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, मरीजों को जांच व दवाएं वितरित






**बिजनौर (सब का सपना):-** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, जिला बिजनौर के तत्वावधान में सेवा सप्ताह के अंतर्गत संत रविदास मंदिर (झालू अड्डा) परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवाओं का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री मनोज शर्मा तथा संत रविदास मंदिर समिति के अध्यक्ष विशाल चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. खिवेंद्र सिंह (एमबीबीएस, एमडी) एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रचित अग्रवाल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में रक्त एवं शुगर की जांच के साथ मौसमी बीमारियों से बचाव संबंधी जानकारी भी दी गई तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर जिला मंत्री सौरभ शर्मा, जिला सहमंत्री सुनील वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नीरज टांक, जिला कोषाध्यक्ष सजल अग्रवाल, जिला सह संयोजक नवदीप चौधरी, नगर अध्यक्ष स्पर्श चोपड़ा, नगर मंत्री रोहित, नगर संयोजक राघव खेड़ा, डॉ. सत्यम राणा, सतीश शर्मा, देव, अजय सहित विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं को वितरित की गई सिलाई किट




**चंदौसी/संभल(सब का सपना):-** महिला सशक्तिकरण एवं कौशल विकास को समर्पित आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में संचालित तीन माह के निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं और बालिकाओं को सिलाई किट वितरित की गई। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को कपड़ा, धागा, रील, माप-फीता तथा सिलाई कार्य से संबंधित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, ताकि वे प्रशिक्षण को बेहतर ढंग से पूरा कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाना है। इसी सोच के तहत तीन माह का निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है, जिससे महिलाएं हुनर सीखकर आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में योगदान दे सकें। संस्था की सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि जब नारी के हाथ में हुनर होगा, तभी परिवार का भविष्य संवरेगा। उन्होंने कहा कि सुई-धागा केवल वस्त्र नहीं सिलता, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भर भविष्य को भी बुनता है। यह प्रशिक्षण केवल सिलाई सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं एवं बालिकाओं में स्वाभिमान, आत्मविश्वास और आर्थिक स्वतंत्रता की भावना विकसित करने का प्रयास है। प्रशिक्षणार्थियों ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निःशुल्क प्रशिक्षण और सिलाई किट मिलने से उन्हें स्वरोजगार शुरू करने की प्रेरणा और आत्मविश्वास मिला है। कार्यक्रम का समापन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर आरती बजाज, रानी अरोड़ा, नीलम, पूनम अरोड़ा, डॉ. दुर्गा टंडन, रितिका, रिद्धिमा सहित संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ, 'जय श्रीराम' के जयघोष से राममय हुआ बिजनौर





**बिजनौर (सब का सपना):-** काकरान वाटिका में रविवार प्रातः श्रीराम कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। गीता नगरी शिव मंदिर से काकरान वाटिका तक निकली कलश यात्रा में हजारों महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवा और पीत वस्त्रों में सजी महिलाओं के हाथों में कलश और "जय श्रीराम" के गगनभेदी जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कलश यात्रा का नेतृत्व मुख्य यजमान दुष्यंत कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी नूतन ने किया। उन्होंने श्रीराम का पावन कलश और श्रीरामायण को सिर पर धारण कर शोभायात्रा का नेतृत्व किया तथा कथा स्थल काकरान वाटिका में विधि-विधान से उनकी स्थापना की। पूजन-अर्चन के उपरांत परम पूज्य योगेंद्र माधव भारद्वाज के श्रीमुख से श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन लगभग 5100 महिला श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक और अत्यंत भक्तिमय बना दिया। कथा समिति के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि श्रीराम कथा 13 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर धर्म एवं संस्कारों से जुड़ने का आह्वान किया।

# पुलिस परिवार के स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु पुलिस लाइन में होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन






**अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में पुलिस परिवार के स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देते हुए रविवार को पुलिस लाइन, अमरोहा में होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य जागरूकता (हेल्थ टॉक) का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय, अमरोहा से डॉ. बबीता रानी (चिकित्साधिकारी), प्रशान्त कुमार (फार्मासिस्ट), जसवन्त एवं उनकी टीम द्वारा पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवार की महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, हड्डी, नेत्र, स्त्री रोग एवं बाल रोग संबंधी सामान्य समस्याओं पर उपयोगी जानकारी देते हुए बदलते मौसम में होने वाले सर्दी-जुकाम, वायरल संक्रमण एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के संबंध में भी जागरूक किया गया।शिविर के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क होम्योपैथिक दवाओं का वितरण भी किया गया।

इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 57 पुलिसकर्मियों एवं परिजनने लाभ प्राप्त किया, जिनमें 36 महिलाएं एवं 21 पुरुष शामिल रहे। अमरोहा पुलिस द्वारा पुलिस परिवार के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रकार के जनकल्याणकारी एवं स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 101 पौधे रोपे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**बिजनौर (सब का सपना):-** वन महोत्सव के तहत साहूवाला वन रेंज की इनायतपुर वन चौकी क्षेत्र में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर 101 पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अपनी मां के सम्मान में एक-एक पौधा लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाया। वक्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मास्टर अशोक ने कहा कि पेड़ हमें जीवन, शुद्ध ऑक्सीजन, छाया और स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। कार्यक्रम में वन दरोगा अजय सिंह, मास्टर अशोक, ग्राम प्रधान मनव्वर, खुर्शीद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित कर हरित वातावरण का निर्माण करना भी है।

# 3 मिनट में 3 किलो आम का पल्प ! दिल्ली हॉट के मैंगो फेस्टिवल में लगी अनोखी प्रतियोगिता



**पश्चिमी दिल्ली।** जनकपुरी स्थित दिल्ली हाट में आयोजित 35वें आम महोत्सव में शनिवार को पुरुष वर्ग की आम खाने की प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रही। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को तीन मिनट में तीन किलोग्राम आम का पल्प खाने की चुनौती दी गई। प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। महोत्सव में देशभर की विभिन्न किस्मों के आम प्रदर्शित किए गए हैं। यहां लीची और पपीते जैसे आकार वाले आमों के साथ कई दुर्लभ प्रजातियों ने भी आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए झूले, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य मनोरंजक गतिविधियों की व्यवस्था की गई है। वहीं, फूड स्टॉल पर विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लेने के साथ लोग हस्तकरघा, हस्तशिल्प और आम से बने उत्पादों की खरीदारी भी कर रहे हैं। आम स्लोगन प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। महोत्सव में इस बार एआई आधारित विजुअल एजेंट राधिका भी विशेष आकर्षण बना है। यह आगंतुकों से आवाज के माध्यम से संवाद कर उनके सवालों के जवाब दे रही है और उन्हें महोत्सव से जुड़ी जानकारी उपलब्ध करा रही है। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग और दिल्ली पर्यटन विभाग की ओर से दिल्ली टैलेंट हंट स्कीम-2026 के तहत भी पंजीकरण किया जा रहा है, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। रविवार को महोत्सव के अंतिम दिन महिला वर्ग की आम खाने की प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित कर महोत्सव का समापन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों का नि:शुल्क उपचार, आयुष्मान कार्ड भी बने





**संभल(सब का सपना):-** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं 9 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को 260वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में हजारों मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार आरोग्य मेला सत्रों में 37 चिकित्सकों और 130 पैरामेडिकल कर्मियों ने कुल 2,589 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया। इनमें 1,113 पुरुष, 1,048 महिलाएं और 428 बच्चे शामिल रहे। इसके अलावा आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 132 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। मेले में 476 चर्म रोग, 320 दमा, 226 बुखार, 116 मधुमेह, 110 उच्च रक्तचाप, 22 नेत्र रोग तथा अन्य विभिन्न बीमारियों के मरीजों का उपचार किया गया। बुखार से पीड़ित मरीजों में 23 की मलेरिया तथा 17 की डेंगू जांच कराई गई, जिनकी सभी रिपोर्ट नेगेटिव आईं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन परामर्श एवं परिवार नियोजन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अलग काउंटर भी स्थापित किए। साथ ही जिलाधिकारी के निर्देश पर आशा कार्यकताओं ने संचारी रोगों से बचाव, सोर्स रिडक्शन तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत 156 लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए परामर्श दिया गया।

वहीं 35 मरीजों को टेली-मानस (Tele-MANAS) के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों ने विभिन्न आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# 20 में फर्जी आधार कार्ड और 15 में वोटर आईडी , दिल्ली पुलिस ने पकड़ा नकली डॉक्यूमेंट बनाने वाला रैकेट



डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस को एक ऐसे कथित ऑनलाइन रैकेट की जानकारी मिली है, जो नकली सरकारी डॉक्यूमेंट बना रहा था। इस रैकेट के सदस्य 20 रुपये में नकली आधार कार्ड और 15 रुपये में नकली वोटर आईडी कार्ड बना रहे थे। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों ने बताया कि यह ऑपरेशन रेगुलर साइबर पेट्रोलिंग और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान सामने आया। शुरूआती जांच में पता चला कि एक ऑर्गनाइज्ड नेटवर्क नकली आईडी कार्ड बना रहा था और असली पहचान व पैन कार्ड जैसे दूसरे ऑफिशियल डॉक्यूमेंट पाने और उन्हें अपडेट करने में उनका इस्तेमाल कर रहा था। वेबसाइट पर कथित तौर पर नकली रेजिडेंस सर्टिफिकेट, कास्ट सर्टिफिकेट, वोटर आइडेंटिटी कार्ड, बर्थ और डेथ सर्टिफिकेट, आधार से जुड़े डॉक्यूमेंट और दूसरे सपोर्टिंग रिकॉर्ड दिए गए। इसमें यूजर्स को ऑनलाइन पेमेंट करने के बाद कोई भी पर्सनल डिटेल डालने की इजाजत दी गई। क्यूआर कोड और बारकोड भी असली जैसे दिल्ली पुलिस का कहना है कि नकली आधार और वोटर आईडी कार्ड अपने फॉर्मेट, डिजाइन और दिखने में असली डॉक्यूमेंट्स जैसे ही थे। बताया कि इनमें क्यूआर कोड और बारकोड भी असली जैसे थे। डिजिटल वॉलेट में 100 रुपये रिचार्ज किए एक अधिकारी ने नकली पहचान का इस्तेमाल करके वेबसाइट पर अकाउंट बनाया और प्लेटफॉर्म पर दिए गए पेमेंट गेटवे से अपने डिजिटल वॉलेट में 100 रुपये रिचार्ज किए। इसके बाद आधार ऑप्शन चुना और फोटो के साथ नकली डिटेल्स डाली, जिसके बाद पोर्टल ने कथित तौर पर आधार जैसा कार्ड बना दिया। पुलिस के अनुसार, 'नकली कार्ड में एक बारकोड था, जिसे स्कैन करने पर ऑफिशियल आधार डेटाबेस के किसी भी डेटा के बजाय सिर्फ यूजर की डाली गई जानकारी ही दिखती थी। पुलिस को शक है कि इस रैकेट का नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ हो सकता है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में एक एफआईआर दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# पुलिस ने पशु चोरी करने वाले दो आरोपी किए गिरफ्तार,चोरी का बैल बरामद



**संभल(सब का सपना):-** जनपद के थाना रायसत्ती पुलिस ने पशु चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया बैल बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार 28 जून को मोहल्ला डेरा सराय, थाना रायसत्ती निवासी असलम पुत्र बन्ने की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि 25 जून की रात अज्ञात चोर उसके बैल को चोरी कर ले गए थे। मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी हुई थी। शनिवार को थाना रायसत्ती पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि बैल चोरी की घटना में शामिल आरोपी चोरी किए गए बैल के साथ वाजिदपुरम बाईपास रेलवे क्रॉसिंग से फिरोजपुर की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर मौजूद हैं। सूचना पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर कार्रवाई की और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुऐब पुत्र सईद (33 वर्ष) तथा आजम पुत्र कय्यूम (28 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किया गया बैल भी सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। बैल की बरामदगी से पीड़ित पशुपालक ने राहत की सांस ली है, जबकि पुलिस की त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

# दिल्ली में कहां हो रहा है राजस्व का नुकसान? कमियां खोजने के लिए सरकार कराएगी खास स्टडी



**नई दिल्ली।** कमियों की पहचान के लिए अध्ययन करा दिल्ली सरकार कर आय बढ़ाएगी। इसके लिए सरकार ने अपने प्रमुख राजस्व विभागों के कर वसूली का व्यापक आकलन कराने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआइपीएफपी) को अध्ययन की जिम्मेदारी सौंपी है। इस अध्ययन का उद्देश्य कर प्रशासन की दक्षता का मूल्यांकन करना और राजस्व नुकसान के कारणों की पहचान करके कर संग्रह बढ़ाने के लिए व्यवहारिक सुझाव तैयार करना है। सरकार के योजना विभाग की ओर से कराए जा रहे इस अध्ययन में आबकारी, परिवहन, व्यापार एवं कर, राजस्व विभाग तथा संपत्ति पंजीकरण जैसे प्रमुख टैक्स मदों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही यह भी परखा जाएगा कि मौजूदा कर प्रशासन और प्रवर्तन व्यवस्था कितनी प्रभावी है तथा किन स्तरों पर सुधार की आवश्यकता है। सरकार ने यह पहल दिल्ली के अपेक्षाकृत कम टैक्स-टू-जीडीपी अनुपात को ध्यान में रखते हुए की है। वर्ष 2024-25 में दिल्ली का टैक्स-टू-ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट (जीडीपी) रेश्यो 4.9 था। 2025-26 के बजट अनुमानों के अनुसार इसके बढ़कर 5.16 प्रतिशत होने की उम्मीद है। यह अनुपात किसी अर्थव्यवस्था के आकार की तुलना में कर संग्रह की क्षमता को दशार्ता है और सरकार की विकास परियोजनाओं व जनकल्याण योजनाओं को वित्तपोषित करने की क्षमता का महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है। कहां से कितनी होती है दिल्ली सरकार की कमाई? आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, दिल्ली सरकार के कुल व्यय का 68.7 प्रतिशत हिस्सा जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टांप ड्यूटी और मोटर वाहन कर से प्राप्त राजस्व से पूरा होता है। वर्ष 2025-26 में कुल कर राजस्व में जीएसटी की हिस्सेदारी 71.3 प्रतिशत, स्टांप ड्यूटी 13.1 प्रतिशत, आबकारी 10.2 प्रतिशत और मोटर वाहन कर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# गैंगस्टर एक्ट में दोषी को 2 साल की सजा

**बुलन्दशहर (सब का सपना):-** विशेष लोक अभियोजक योगेश कुमार ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय (विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट) ने अभियुक्त कृष्ण गोस्वामी निवासी शादनगर, थाना जानी, जिला मेरठ को दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष के कारावास तथा 5,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक योगेश कुमार ने बताया कि अभियुक्त यामीन गैंग का सक्रिय सदस्य था। गैंग पर हत्या के प्रयास, गौवध सहित अन्य गंभीर अपराधों के माध्यम से अवैध लाभ अर्जित करने का आरोप था। वर्ष 2024 में थाना ककोड़ पुलिस द्वारा गैंग चार्ट तैयार कर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया, जिसके आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषसिद्ध कर सजा सुनाई।

## महुआ खेडा में जलभराव, निकलने वाले लोगो को डरा रहा संक्रमण का खतरा



**नरसेना/बुलंदशहर (सब का सपना):-** जनपद के ऊंचा गांव ब्लाक के गांव महुआ खेडा में गत 6 माह से सफाई न होने के कारण नाले व नालियां गंदगी से अटे पडे होने के कारण तालाब भी ओवरफ्लो हो गये है।इसी के चलते गांव की गलियों में जलभराव हो गया है। गांव के मुख्य मार्गों पर भरा हुआ पानी से विकास कार्यों की असफलता को दर्शा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गत 6 माह से सफाई व्यवस्था ठप्प पडी है जिसके कारण नालियों में गंदगी भरी पडी है। तालाब की सफाई नहीं होने के कारण ओवरफ्लो हो आया है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री पटल पर लगातार करने के बाद भी शिकायतों का निस्तारण कागजों पर ही किया जा रहा है। इसका खमियाजा ग्रामीणों को बरसात के मौसम में भुगतना पड़ रहा है। महिलाएं बच्चे और बूढ़ों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड रहा है। जलभराव के कारण मच्छर जनित बिमारियों का खतरा बढ रहा है जिससे ग्रामीणों में रोष है।

# चारा काटने की मशीन में फंसने से महिला की मौत

**जहांगीराबाद/बुलंदशहर (सब का सपना):-** जनपद के कोतवाली क्षेत्र के गांव भिरौली में पशुओं का चारा काटते समय बिजली से चलने वाली चारा मशीन में फंसने से 52 वर्षीय विजेंद्री की मौत हो गई। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका अपने पीछे पति और पांच बच्चों को छोड़ गई हैं।

# मां पर नवजात को दफनाने का आरोप, शव बरामद

**बुलन्दशहर (सब का सपना):-** नरसेना थाना क्षेत्र के एक गांव में विधवा महिला पर नवजात शिशु को दफनाने का आरोप लगा है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जंगल में खुदाई कर बोरी में दफन नवजात का शव बरामद किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की जेठानी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला का कहना है कि बच्चा मृत पैदा हुआ था, इसलिए उसे दफनाया गया। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है तथा डीएनए जांच के लिए नमूने भेजे गए हैं।

## *तरनतारन में पत्नी को मनाने पहुंचे पति को साले ने जिंदा जलाया, बचाने आई महिला की भी मौत; सीसीटीवी में कैद हुई घटना*



तरनतारन। तरनतारन में पत्नी को मनाने के लिए ससुराल पहुंचे एक युवक को कथित तौर पर उसके साले द्वारा पेट्रोल डालकर आग लगाने के मामला सामने आया है। घटना 13 जून की है। युवक को बचाने के प्रयास में गंभीर रूप से झुलसी पड़ोसी महिला रणदीप कौर ने भी बीते मंगलवार, 30 जून को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इससे पहले युवक लवप्रीत सिंह की 26 जून को इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। दोनों मौतों के बाद पुलिस ने पहले दर्ज हत्या के प्रयास के मामले को अब दोहरे हत्याकांड में बदल दिया है। उधर, मुख्य आरोपित साजन अभी अस्पताल में भर्ती है और उसकी निगरानी के लिए पुलिस ने अस्पताल में सुरक्षा तैनात कर रखी है।पुलिस के अनुसार अमृतसर जिले के गांव काहलवां निवासी 24 वर्षीय लवप्रीत सिंह का विवाह तरनतारन जिले के गांव संघा निवासी संदीप कौर से हुआ था। विवाह के बाद दोनों के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। आरोप है कि मतभेद बढ़ने पर संदीप कौर अपने मायके आ गई थी। 13 जून को लवप्रीत सिंह उसे वापस ले जाने के लिए ससुराल पहुंचा, लेकिन उस समय उसकी पत्नी घर पर नहीं थी। वह वापस लौट गया।घर के अंदर जाने से पहले लगा दी आग बताया गया कि बाद में संदीप कौर के भाई साजन ने फोन कर लवप्रीत सिंह को दोबारा घर बुलाया। जब लवप्रीत सिंह ससुराल के बाहर पहुंचा और भीतर जाने लगा तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान आरोप है कि साजन अपने साथ लाई पेट्रोल की कैन से लवप्रीत सिंह पर पेट्रोल छिड़ककर उसे आग लगा दी। पास ही रहने वाली 38 वर्षीय रणदीप कौर दोनों के बीच विवाद शांत कराने और लवप्रीत सिंह को बचाने के लिए आगे बढ़ीं। इसी दौरान वह भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गईं। आग लगने के बाद लवप्रीत सिंह जान बचाने के लिए पास से गुजर रहे गंदे नाले में कूद गया, लेकिन वह गंभीर रूप से झुलस चुका था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह रणदीप कौर ने भी अस्पताल में अंतिम सांस ली।इलाज के बाद होगी गिरफ्तारी थाना सदर के प्रभारी इंस्पेक्टर नवदीप सिंह भट्टी ने बताया कि घटना में झुलसा आरोपित साजन भी अस्पताल में भर्ती है। उसके खिलाफ पहले हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अब दोनों पीड़ितों की मौत के बाद मामले को दोहरे हत्याकांड में बदल दिया गया है। आरोपित की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। इस घटना ने दो परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। रणदीप कौर अपने पीछे एक बेटी और एक बेटे को छोड़ गई हैं। वहीं लवप्रीत सिंह की मौत के बाद उसकी पत्नी भी मानसिक आघात में बताई जा रही है।

# जिला सहकारी बैंक शाखा में राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह 6 जुलाई 2026 को शिविर का आयोजन




**स्याना/बुलंदशहर (सब का सपना):-** विश्व सनातन हिंदू फाउंडेशन (VSHF) के संस्थापक संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश चौहान के नेतृत्व में संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपजिलाधिकारी महोदय, स्याना को जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में 13 जुलाई को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं जैसे बेसहारा गोवंश की समस्या, किसानों की समस्याएं, विद्युत एवं लाइट व्यवस्था, सड़क एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं, जल निकासी एवं पेयजल व्यवस्था तथा अन्य जनसमस्याओं के शीघ्र एवं स्थायी समाधान की मांग की जाएगी।

विश्व सनातन हिंदू फाउंडेशन का उद्देश्य जनहित के मुद्दों को प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाकर उनके समाधान हेतु सकारात्मक संवाद स्थापित करना है, जिससे आम जनता को राहत मिल सके और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। संगठन के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के नागरिकों से भी अपील की है कि वे जनहित के मुद्दों के समाधान हेतु इस अभियान में सहयोग प्रदान करे।

# गड्ढे में मिला सड़ा-गला अज्ञात शव, जांच में जुटी पुलिस



**औरंगाबाद/बुलंदशहर (सब का सपना):-** ईलना स्थित लोक किसान इंटर कॉलेज के पीछे जंगल में गोबर गैस के पुराने गड्ढे से एक सड़ा-गला अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्कूल खुलने पर दुर्गंध की शिकायत मिलने के बाद प्रधानाचार्य की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में छह शातिर पशु चोर गिरफ्तार, एक घायल



**बुलन्दशहर (सब का सपना):-** थाना गुलावठी पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई में पशु चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे छह शातिर पशु चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान जवाबी फायरिंग में वसीम कुरैशी पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।
पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस, एक महिंद्रा पिकअप वाहन तथा चोरी की दो भैंस बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद सहित विभिन्न जनपदों में पशु चोरी की कई घटनाओं में वांछित रहे हैं तथा मुख्य आरोपी वसीम कुरैशी पर करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# कांग्रेस की बैठक में 2027 चुनाव की तैयारियों पर मंथन, पदयात्रा निकालने का ऐलान



**बुलन्दशहर (सब का सपना):-** नगर के डीएवी बाईपास रोड स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय में रविवार को मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों का आगाज करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिले के सभी नगरों और ब्लॉकों में पदयात्राएं निकाली जाएंगी। बैठक में महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी के मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए निष्क्रिय पदाधिकारियों के स्थान पर सक्रिय कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।बैठक के दौरान कांग्रेस में शामिल हुई अर्चना पांडा का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुरेंद्र उपाध्यक्ष और प्रदेश सचिव गौरव जयराम का भी जोरदार स्वागत किया गया।

# ऋतिक गोस्वामी के नेतृत्व में शिवसेना की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**खुर्जा/बुलंदशहर (सब का सपना):-** शिवसेना की समीक्षा बैठक नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा ऋतिक गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष सर्वेश राणा, प्रदेश सचिव राजकुमार गिरी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला प्रवक्ता जसवंत सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पीतम सिंह एवं जिला संगठन मंत्री राजीव सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नगर इकाई की समीक्षा की गई तथा संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। इस दौरान छह कार्यकताओं ने शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष सर्वेश राणा ने कहा कि एकनाथ शिंदे एवं प्रदेश प्रमुख पश्चिम उत्तर प्रदेश ललित मोहन शर्मा के निदेर्शानुसार संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने प्रत्येक रविवार सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को सशक्त बनाने तथा गरीब, असहाय, गौमाता और बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया।

# 23 अगस्त की पीडीए जनसभा को सफल बनाने में जुटी सपा जिला कार्यालय पर हुई आपात बैठक



बुलन्दशहर (सब का सपना):- समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को जिलाध्यक्ष मतलूब अली की अध्यक्षता में आपातकालीन बैठक आयोजित की गई। बैठक से पूर्व समाज सुधारक लख्खी बंजारे की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।
बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि 23 अगस्त 2026 को होने वाली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पीडीए जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अभी से जनसंपर्क अभियान शुरू करें। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करते हुए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में जिले के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर मारपीट, कई लोग घायल, एक की हालत गंभीर



**ककोड़/बुलंदशहर (सब का सपना):-** जनपद के थाना क्षेत्र के ग्राम अरौंडा में रविवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना में कई लोग घायल हो गए, जिनमें एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे नोएडा रेफर किया गया है। पीड़ित ब्रह्मजीत पुत्र खेमचंद निवासी ग्राम अरौंडा द्वारा थाना ककोड़ में दी गई तहरीर के अनुसार रविवार सुबह करीब 8:45 बजे गांव के ही कई लोग जबरन उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके बड़े भाई विक्रम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए नोएडा रेफर कर दिया।तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि बीच-बचाव करने आई उनकी आठ माह की गर्भवती भाभी शशि को भी धक्का देकर गिरा दिया गया, जिससे उन्हें भी चोटें आईं। इसके अलावा उनके साले रिंकू निवासी बीछट सुजानपुर के साथ भी मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी करीब एक घंटे तक उत्पात मचाते रहे और जाते समय जान से मारने की धमकी भी देकर गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी सरजेस कुमार यादव ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। सभी घायलों का चिकित्सीय परीक्षण (मेडिकल) करा दिया गया है तथा मामले की जांच करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बसी निवासी आरिफ की झटका मशीन से मौत



**बुगरासी/बुलंदशहर (सब का सपना):-** बसी बांगर निवासी आरिफ पुत्र शहीद खेतों पर घूमने गया था। खेतों पर आवारा घूम रहे पशुओं से फसल को बचाने के लिए बनभौरा निवासी दुष्यंत चौहान ने झटका मशीन लगा रखी थी,जिसका तार आरिफ की हाथ की उंगली को छू गया,जिससे आरिफ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची नरसेना व बुगरासी पुलिस ने जाकर जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष जुटाये। पुलिस पोस्टमार्टम के लिये कह रही थी लेकिन परिजन पोस्टमार्टम कराने को मना कर रहे हैं।इसी जद्दोजहद में परिजनों में तू तू मै मै भी हो गई,और मौत का कारण भी अज्ञात कारणों से होना बता रहे हैं। परिजनों ने पोस्टमार्टम नही कराया।

# *अमृतसर में पंथक सम्मेलन में एकता का संदेश, 5 प्रस्ताव पारित; सीएम मान की संदिग्ध वीडियो विवाद पर भी हुई चर्चा*




अमृतसर। श्री दरबार साहिब परिसर स्थित गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हाल में आयोजित पंथक सम्मेलन में श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता, पंथक एकता और गुरमत परंपराओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया। सम्मेलन के दौरान पांच महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री भगवंत मान की ओर से श्री अकाल तख्त साहिब के संबंध में की गई टिप्पणी पर पर भी चर्चा की गई।
सम्मेलन में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी सहित विभिन्न सिख जत्थेबंदियों, धार्मिक संस्थाओं, गुरमत प्रचारकों, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि पंथक मुद्दों पर सभी संगठनों को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए।पहले प्रस्ताव में श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों को सर्वोपरि मानते हुए सभी सिख जत्थेबंदियों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और समितियों से इनका पूरी निष्ठा के साथ पालन करने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि पंथ की मजबूती और एकता के लिए श्री अकाल तख्त साहिब के निर्देशों का सम्मान और पालन आवश्यक है।कमेटी के निर्णयों का सम्मान जरूरी
दूसरे प्रस्ताव में श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा गठित सात सदस्यीय कमेटी के कार्यों में किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप का विरोध किया गया। सम्मेलन में कहा गया कि यह कमेटी पंथक एकता के उद्देश्य से गठित की गई है और उसके निर्णयों का सम्मान किया जाना चाहिए।
तीसरे प्रस्ताव में सभी पंथक संगठनों, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक जत्थेबंदियों और सामाजिक संस्थाओं से सात सदस्यीय कमेटी के साथ सहयोग करने तथा आपसी मतभेद भुलाकर पंथ की बेहतरी के लिए मिलकर कार्य करने की अपील की गई।
नियमित पंथक सम्मेलन आयोजित करने पर जोर
चौथे प्रस्ताव में इंटरनेट मीडिया पर सिख धर्म, गुरु साहिबानों और सिख इतिहास से संबंधित कथित भ्रामक और गलत जानकारियों का तथ्यों के आधार पर जवाब देने का आह्वान किया गया। सम्मेलन में कहा गया कि सिख इतिहास और सिद्धांतों को गलत तरीके से प्रस्तुत किए जाने के प्रयासों का संगठित रूप से जवाब दिया जाएगा।
पांचवें प्रस्ताव में भविष्य की चुनौतियों और पंथक विषयों पर विचार-विमर्श के लिए समय-समय पर श्री अकाल तख्त साहिब की सरपरस्ती में ऐसे सम्मेलन आयोजित करने का सुझाव दिया गया। इसमें सभी सिख जत्थेबंदियों, धार्मिक संगठनों, गुरमत प्रचारकों, शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।शांतिपूर्ण रणनीति अपनाने का आह्वान
सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की टिप्पणी को लेकर सिख समाज के एक वर्ग में नाराजगी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस विषय पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की अपील दोहराई। साथ ही कहा कि इस मुद्दे पर पंथक स्तर पर आगे की रणनीति शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से तय की जाएगी। सम्मेलन के अंत में सभी सिख संगठनों से श्री अकाल तख्त साहिब की मयार्दा, पंथक एकता और गुरमत परंपराओं की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया गया।

जानकारी

# बादाम बनाए हड्डियां मजबूत और करे सिर दर्द दूर



याददाश्त कमजोर है, तो बादाम इसका अचूक इलाज है। बादाम की 10 गिरी रात को पानी में भिगो कर सुबह छिलका उतार कर बारीक करके 20 ग्राम मक्खन, 10 ग्राम मिसरी मिलाकर एक महीने तक खाएं। दिमाग की कमजोरी दूर हो जाएगी और आपकी याददाश्त अच्छी हो जाएगी। सिर दर्द होता है, तो बादाम का तेल आपको राहत दिला सकता है। इसके लिए नाक में एक बूंद बादाम का तेल डालें, जिसे बादाम रोगन भी कहते हैं। दूसरा उपाय यह भी है कि आप एक कप पानी में पांच बूंद बादाम का तेल मिलाकर पी जाएं।

> बादाम के कुछ दाने आपको कई बीमारियों से दूर रखने में तो खास भूमिका निभाते ही हैं, इसके साथ ही कई समस्याओं में दवा की तरह भी काम आते हैं।

बच्चे को अकसर कुछ-कुछ होता रहता है, तो उसे हृष्ट-पुष्ट व निरोगी बनाने के लिए रोजाना एक से दो बादाम पत्थर पर घिसकर चटाएं। इससे हृदय रोगियों के लिए तो बादाम काफी फायदेमंद साबित होता है। इसमें ओमेगा 3 फैटी एसिड अधिक होता है। यह बुरे कोलेस्ट्रॉल को कम करता है व अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। इस वजह से हृदय की नलियों में कम रुकावट होती है और इसके प्रयोग से दिल का दौरा होने की आशंका कम हो जाती है। इसके लिए बादाम की 5-6 गिरी रात में पानी में रख दें और सुबह छिलका उतारकर उन्हें ठीक से चबा-चबा कर खाएं।

बादाम के तेल में विटामिन डी प्रचुर मात्रा में होता है, जो बच्चों की हड्डियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए इस तेल से अपने बच्चे की मालिश करें। अच्छा हो अगर एक चम्मच नारियल तेल में पांच बूंद बादाम का तेल मिलाकर इससे नियमित रूप से बच्चे की मालिश करें। जरूरत महसूस करें तो आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह ले लें।






हार्ट अटैक या दिल की बीमारियों से पहले आपकी त्वचा पर कुछ संकेत दिखाई देते हैं। इन संकेतों को पहचानकर अगर आप सही समय पर इलाज शुरू कर दें, तो हार्ट अटैक से बच सकते हैं। जानें हार्ट अटैक के पूर्व संकेत या पहले दिखने वाले लक्षण।

क्या आपको पता है कि दुनिया भर में सबसे ज्यादा मौतों का कारण हार्ट अटैक है? आंकड़ों को देखें तो साल 2016 में हार्ट अटैक के कारण 17 करोड़ 65 लाख लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद के सालों में हार्ट अटैक के मामले और भी कई गुना बढ़ गए हैं। क्या आपने सोचा है कि इतनी संख्या में लोग दिल की बीमारियों से क्यों मरते हैं? इसके 2 कारण हैं-

पहला यह कि लोगों आजकल लोगों का खानपान इतना खराब हो गया है कि ज्यादातर लोग कम उम्र में (25-30 साल) हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल बढ़ने और मोटापे जैसे रोगों के शिकार हो जाते हैं। ये सभी रोग हार्ट अटैक के खतरे को काफी बढ़ा देते हैं।

दूसरा कारण यह है कि लोगों को हार्ट अटैक के पूर्व संकेतों के बारे में पता नहीं है, इसलिए वे सही समय पर सावधानी नहीं बरत पाते हैं। आमतौर पर लोग यही मानते हैं कि हार्ट अटैक का संकेत सीने में तेज दर्द होता है। मगर आपको जानकर हैरानी होगी कि हार्ट अटैक आने से कुछ दिनों पहले ही शरीर में कुछ संकेत दिखाई देते हैं, जिन पर हम ध्यान नहीं देते हैं। ये संकेत दिल की सेहत की गड़बड़ी के हो सकते हैं और इसका इशारा यह भी हो सकता है कि जल्द ही आपका दिल काम करना बंद कर सकता है यानी आपको हार्ट अटैक आ सकता है। इन लक्षणों को आपको जान लेना चाहिए, ताकि आप हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर जैसे गंभीर और जानलेवा रोगों से बच सकें।

### अचानक शरीर में छोटे-छोटे दाने उभरना

शरीर में अचानक छोटे-छोटे दाने चिकने लाल दाने उभरना इस बात का संकेत हो सकते हैं कि आपका दिल बीमार है। ये दाने शरीर में कोलेस्ट्रॉल के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाने पर दिखाई देते हैं। इसलिए ये इस बात का भी संकेत हो सकते हैं कि व्यक्ति को हार्ट अटैक हो सकता है।

### आंखों के बगल में पीली-सफेद पपड़ी या वैक्स जैसी त्वचा

दोनों आंखों के बगल में कई बार व्यक्ति को सफेद-पीले रंग की पपड़ी जैसी त्वचा दिखने लगती है। ये इस बात का संकेत है कि आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ रहा है। कुछ लोगों में ये त्वचा जमे हुए मोम जैसी नजर आती है। आंखों के अलावा ऐसी पपड़ी आपकी हथेलियों और पैरों के पीछे भी दिखाई दे सकते हैं। अगर आप इस संकेत के बाद भी कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल नहीं करते हैं, तो आपको हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है।

### त्वचा पर नीले या बैंगनी निशान दिखना

अगर आपको शरीर के किसी हिस्से में त्वचा नीली या बैंगनी रंग की दिखे, तो सावधान हो जाएं, क्योंकि ये आपके अस्वस्थ दिल का संकेत है। ये लक्षण ज्यादातर पैरों और तलवों में नजर आते हैं। त्वचा पर नीले या बैंगनी निशान का मतलब है कि आपके शरीर में कहीं खून जम गया है या आपके उस अंग को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही है। धमनियों में खून जमा हो जाने के कारण धमनियां ब्लॉक हो जाती हैं, जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है।

### उंगली के पोरों में सूजन और नाखून नीचे की तरफ उगना

अगर आपके उंगली के अगले हिस्से में सूजन आ जाए और नाखून नीचे की तरफ झुकने लगें, तो ये भी हार्ट अटैक का पूर्व संकेत हो सकता है। दरअसल नाखूनों में उंगली में ये लक्षण तब दिखाई देते हैं, जब व्यक्ति को हार्ट इंफेक्शन हो या दिल की कोई दूसरी बीमारी हो। कई बार फेफड़ों की समस्या में भी ऐसे लक्षण दिख सकते हैं। मगर ये सभी बीमारियां हार्ट अटैक का कारण बन सकती हैं।

### नाखूनों के नीचे नीले या बैंगनी निशान

अगर आपको अचानक अपने नाखूनों के नीचे नीले या बैंगनी रंग के निशान दिखाई देने लगें, तो सावधान हो जाएं। नाखूनों में नजर आने वाले ऐसे निशान दिल की बीमारी का संकेत हो सकते हैं। हालांकि ऐसे निशान चोट के कारण भी दिख सकते हैं, मगर यदि आपको किसी ऐसी चोट के बारे में याद नहीं है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### हाथ-पैर की उंगलियों में छोटे उभार जिसमें दर्द हो

अगर आपको अपने हाथ-पैर की उंगलियों में पिछले कुछ दिनों से किसी छोटी सी गोली जैसी सूजन नजर आ रही है और इनमें दर्द हो रहा है, तो ये भी दिल की बीमारी का संकेत हो सकता है। आमतौर पर ऐसे उभार तभी आते हैं जब आपको हार्ट इंफेक्शन हो, जिसे इंफेक्टिव एंडोकार्डाइटिस भी कहते हैं। ये उभार कुछ घंटों या कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाते हैं। मगर इनके दिखने पर आपको सावधान हो जाना चाहिए और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

सुझाव

# मशरूम का उपयोग करे याद्दाश्त ठीक



पौष्टिक तत्वों और अनोखे स्वाद की वजह से मशरूम का भोजन में खूब इस्तेमाल किया जाता है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी बैक्टीरियल और एंटी वायरल तत्वों से भरपूर औषधीय गुण भी पाए जाते हैं। मशरूम को सुपरफूड माना गया है, क्योंकि इससे न केवल पोषक तत्व मिलते हैं, बल्कि यह कई बीमारियों से हमारा बचाव भी करता है। एंटीऑक्सिडेंट, एंटी बैक्टीरियल और एंटी वायरल तत्वों से भरपूर मशरूम के फायदों के बारे में जानना जरूरी है।

### इम्यूनिटी बढ़ाए

मशरूम में मौजूद सेलेनियम, पेनिसिलिन जैसे एंटीबायोटिक तत्व शरीर में माइक्रोबियल विकास और फंगल संक्रमण को बाधित करने में सहायक हैं और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मददगार हैं।

### कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोके

मशरूम में मौजूद फोलेट्स कैंसर सेल्स बनने से रोकते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल से बचाते हैं, जो कैंसर का कारण बनते हैं। फोलेट्स डीएनए को बनाने और रिपेयर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मशरूम में पाया जाने वाला सेलेनियम तत्व लिवर को सुचारू रूप से काम करने में मदद करता है। यह शरीर को डीटॉक्सीफाई करने में मदद करता है, जिससे कई बीमारियों से बचाव होता है।

### दिल को रखे दुरुस्त

मशरूम में मौजूद फाइबर, पोटैशियम, विटामिन सी और सेलेनियम जैसे एंटीऑक्सिडेंट तत्व हमारे दिल की सेहत को प्रोत्साहित करते हैं। एंटीऑक्सिडेंट्स दिल को फ्री रेडिकल से बचाते हैं। शरीर में बुरे कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) और अच्छे कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) के बीच संतुलन कायम रखने में भी मदद करते हैं।

### ब्लड प्रेशर को करे नियमित

पोटैशियम और सोडियम से भरपूर मशरूम का नियमित सेवन ब्लड प्रेशर को नियमित करने में मदद करता है। यह शरीर में सामान्य तरल पदार्थों के बीच संतुलन कायम रखता है।

### ऑस्टियोपोरोसिस में दे आराम

धूप में रखा फ्रेश मशरूम विटामिन डी का अच्छा स्रोत होता है। मशरूम में मौजूद विटामिन डी, कैल्शियम और फॉस्फोरस हड्डियों के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और जोड़ों के दर्द, हड्डियों में घनत्व कम होने या हड्डियों के टूटने की आशंका को कम करते हैं।

### टाइप 2 डायबिटीज में फायदेमंद

फाइबर से भरपूर, लेकिन कम शर्करा वाले मशरूम का सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है। लिवर, अग्नाशय और अंतःस्रावी ग्रंथियों के समुचित क्रियान्वयन में यह मदद करता है।

### याददाश्त करे दुरुस्त

इसमें मौजूद कोलीन तत्व मस्तिष्क में रक्त और ऑक्सीजन के प्रवाह को बनाए रखता है। इससे याददाश्त और लर्निंग पावर में सुधार होता है। कोलीन मेमरी के सेल मेम्ब्रेन की संरचना को मेंटेन रखता है।

इन बातों का ध्यान में रखकर एक स्वस्थ व्यक्ति नियमित रूप से 100 ग्राम मशरूम का सेवन आसानी से कर सकता है। मशरूम खरीदते समय ध्यान रखना चाहिए कि वे ताजे और सूखे हों। चिपचिपे या मुरझाए मशरूम बासी होते हैं। घर लाने के बाद इन्हें फ्रिज में एयरटाइट बॉक्स में रखें। जब इन्हें बनाना हो, तभी धोएं और काटें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

## काकुरो पहेली - 3939



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3938 का हल



## हंसी के फूव्वारें

कठघरे में खडे चोर से जज ने कहा, 'अजीब बात है, जब मैं वकील था तो तुमने मुर्गी चुरायी, जब मैं सरकारी वकील बना तो तुमने एक बकरी चुरायी और आज जब मैं जज बन गया हूं तो तुमने एक भैंस चुरायी आखिर ऐसा क्यों?'

चोर - हुजूर, वजह बहुत साफ है, आपके साथ-साथ मैंने भी तरक्की की है.

मीना (रीना से) - बिना बांहों का स्वेटर तुम कितने दिनों में बना सकती हो.

रीना (मीना से)- यह तो रिश्ते पर निर्भर करता है. यदि स्वेटर प्रेमी का है तो दो दिन में, जीजा का है तो सात दिन में और यदि पति का है तो दो महीने भी लग सकते हैं.

एक भिखारी को बैंक में घुसते देख चौकीदार बोला, 'अरे-अरे बाबा आगे जाओ यहां कुछ नहीं मिलेगा.'

भिखारी (चौकीदार से)- अरे भैया, मै यहां कुछ लेने नहीं अपना पैसा जमा कराने आया हूं.

पत्नी (पति से)- कितनी बार कहा है कि अपने बालों में खिजाब लगाओ, बुड्ढे नजर आते हो.

पति (पत्नी से)- अरे भाग्यवान! अगर मैंने बालों में खिजाब लगा लिया तो लड़कियों से बेधड़क बात नहीं कर पाऊंगा.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3939



**बायें से दायें:-**

१. 'तुम्हें और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, सायरा की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मार ओडारी नी कुकिए' गीत वाली मनोज बाजवेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पल्लू गिरा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,३
२१. 'कमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरू राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पाप दी ग्रेट' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल सदाना, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल से गई' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शारदा' में राज कपूर के साथ नायिका कौंन थी?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. वसंत चौधरी, मोतीलाल, साधना की 'ओ सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना हो' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिश्मा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 3938**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | म | तु | म | | बं | दि | श | | जं |
| स्ती | | म | हा | रा | जा | | रा | जा | जी |
| | दी | | न | | र | | बी | | र |
| दी | वा | ना | | जी | न | त | | क | |
| | र | | अं | त | | ला | वा | रि | स |
| आ | | दा | दा | | जो | श | | श्मा | |
| क्रो | ध | | ज | मी | र | | अ | | इं |
| श | | आ | | रा | | ज | मा | न | त |
| | म | ह | ल | | जीं | | न | | का |
| दो | स्त | | क्ष्य | | स | पू | त | | म |

## सूडोकु -3939

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3938 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्द पहेली - 3939



**बाएँ से दाएँ**

1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली -3938 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब | ल | शा | ली | | रु | ख | सा | र | |
| अ | न | | ली | | प | त | न | | जा | न |
| न | | ज | मा | दा | र | | न | म | | फा |
| म | ग | रु | र | | | आ | | द | र | स |
| ना | | र | | अ | ज | ग | र | | वा | त |
| | मि | त | वा | | ही | | स | प | ना | |
| म | ल | | दा | वा | न | ल | | रा | | फि |
| त | न | य | | ल | | | ह | ज | र | त |
| ल | | म | त | | का | र्या | ल | य | | र |
| बी | ज | | म | का | न | | च | | सा | त |
| | य | ल | गा | र | | ब | ल | शा | ली | |



# सामंथा की 'मां इंटी बंगारम' का बनेगा सीक्वल

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'मां इंटी बंगारम' का सीक्वल बनने वाला है। इस बात की पुष्टि खुद फिल्म के राइटर राज निदिमोरू ने की है। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा।

'मां इंटी बंगारम' की जबरदस्त सफलता के बाद विजाग में एक ग्रैंड सक्सेस मीट रखा गया था। इसी दौरान राज निदिमोरू ने फैंस को सरप्राइज देते हुए बताया कि फिल्म का दूसरा पार्ट भी आएगा। राज ने पहले वहां मौजूद लोगों से पूछा कि क्या वे इस कहानी को आगे बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। जैसे ही लोगों ने जोरदार तालियां और चीयर किया, उन्होंने सीक्वल की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा, 'मेरे दिमाग में पहले से एक आइडिया है। वही टीम इस पर काम करेगी। पहली बार मुझे किसी फिल्म का दूसरा पार्ट बनाने की प्रेरणा मिली है। इसमें दोगुना मजा और दोगुना एक्साइटमेंट होगा। आगे चलकर मैं इसके बारे में और जानकारी दूंगा।' राज ने यह भी बताया कि 'मां इंटी बंगारम' को लोगों से इतना प्यार मिला कि उन्हें अपने पुराने हिट प्रोजेक्ट्स से भी ज्यादा खुशी हुई, क्योंकि यह फिल्म सीधे दिल को छू गई। नंदिनी रेड्डी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सामंथा रुथ प्रभु के साथ गुलशन देवैया, श्रीमुखी और दिगंत मंचले नजर आए। इस फिल्म को सामंथा, राज निदिमोरू और हिमांशु ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। बॉक्स ऑफिस की बात करें तो यह फिल्म महिला लीड पर आधारित फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।

1980 के दौर पर आधारित इस कहानी में सामंथा 'स्वर्णा' का किरदार निभा रही हैं, जो अपने परिवार की मर्जी के खिलाफ एक डॉक्टर से शादी करती है। शुरुआत में उसे ससुराल वालों का प्यार नहीं मिलता, लेकिन धीरे-धीरे वह सबका दिल जीत लेती है। तभी उसका अतीत लौटकर उसकी जिंदगी में उथल-पुथल मचा देता है।






# सनी देओल के साथ काम करना मेरे करियर के लिए सौभाग्य की बात

अभिनेत्री दीया मिर्जा ने अभिनेता सनी देओल के साथ काम करने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अभिनेता के साथ काम करना, उनके करियर के लिए सौभाग्य की बात है। फिल्म 'इक्का' में दीया मिर्जा और सनी देओल साथ दिखाई देंगे। 'इक्का' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बात करते हुए दीया ने कहा कि वह हमेशा से देओल परिवार की प्रशंसक रही हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए हां कहने की वजह बताते हुए दीया ने कहा, 'जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे यह बहुत दिलचस्प, मानवीय और दमदार लगी। इसमें किरदारों को बहुत अनोखे, दिलचस्प और आकर्षक ढंग से दिखाया गया है, इसलिए मुझे हां कहना ही पड़ा। सनी देओल के साथ काम करना मेरे करियर के लिए सौभाग्य की बात है और मैं इसे लेकर बहुत खुश थी।' उन्होंने अपने को-स्टार्स तिलोत्तमा शोम और अक्षय खन्ना की भी तारीफ की।

दीया मिर्जा ने कहा कि मैं हमेशा से देओल परिवार की दयालुता, उदारता और जमीन से जुड़े रहने की तारीफ करती रही हूं। सनी देओल बिल्कुल वैसे ही हैं जैसा मैंने सोचा था, बल्कि उससे भी बेहतर। मैंने टीजर लॉन्च के समय भी यह बात कही थी। ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना जिसमें तिलोत्तमा शोम और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार हों, यह सच में अद्भुत है और सिद्धार्थ ने कहानी को बहुत संवेदनशीलता और समझदारी से पेश किया है। दीया मिर्जा ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा कि अवंतिका एक ऐसी महिला है जो अपने आसपास के लोगों को अपनापन, हिम्मत और स्थिरता देती है, तब भी जब जिंदगी बहुत अनिश्चित हो जाती है। मैं उसकी हिम्मत और उस शांत साहस से प्रभावित हुई जिसके साथ वह अपनी चुनौतियों का सामना करती है। उन्होंने कहा कि 'इक्का' की खासियत यह है कि कोर्टरूम ड्रामा के पीछे परिवार, प्यार और मुश्किल फैसलों की एक गहरी मानवीय कहानी है। मैं नेटफ्लिक्स पर एक ऐसी कहानी के साथ वापसी करके बहुत खुश हूं जो भावनात्मक रूप से समृद्ध और बहुत दिलचस्प है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे जरूर देखेंगे।

# फिल्म 'मारिया' को जल्दबाजी में रिलीज करने के पक्ष में नहीं हैं रोहित शेट्टी



जॉन अब्राहम-तमन्ना भाटिया स्टारर प्रोजेक्ट 'मारिया' लगभग तैयार हो गया है। निर्देशक रोहित शेट्टी निर्देशित इस फिल्म में राकेश मारिया की जिंदगी और मुंबई अंडरवर्ल्ड की असली जंग पर आधारित कहानी देखने को मिलेगी। हालांकि दर्शकों को इसकी रिलीज के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। आमतौर पर किसी फिल्म की 95 फीसदी शूटिंग पूरी हो जाए तो मेकर्स रिलीज डेट तलाशने लगते हैं लेकिन रोहित की इस महत्वाकांक्षी फिल्म 'मारिया' की स्थिति इसके ठीक उलट है। यह प्रोजेक्ट लगभग तैयार माना जा रहा है, बावजूद इसके इसकी बची हुई शूटिंग और रिलीज दोनों फिलहाल थमी हुई हैं। सूत्रों के मुताबिक इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि रोहित का पूरा ध्यान इस समय अपनी कॉमेडी फ्रेंचाइज गोलमाल पर है।

### एसेल स्टूडियो से हुई थी शुरुआत, कुछ पैचवर्क का काम है बाकी

सूत्रों के अनुसार फिल्म की मुख्य शूटिंग तो काफी पहले पूरी हो चुकी है पर अभी कुछ पैचवर्क, क्लोज-अप शॉट्स और सीमित सीक्वेंस ही बाकी हैं। तकनीकी तौर पर प्रोजेक्ट लगभग तैयार है लेकिन मेकर्स जल्दबाजी में इसे रिलीज करने के पक्ष में नहीं हैं। फिल्म की शुरुआत मुंबई के ट्रॉम्बे स्थित एसेल स्टूडियो से हुई थी, जहां पुलिस मुख्यालय, जांच कक्ष और प्रशासनिक दफ्तरों के बड़े सेट तैयार किए गए थे।

# बॉलीवुड बनाम रीजनल सिनेमा की तुलना पर बोलीं दिव्या दत्ता



आज के दौर में बॉलीवुड और रीजनल सिनेमा की तुलना करते लोग हर तरफ देखने को मिल जाएंगे। इस पर अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने अपने विचार रखे हैं। इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि किसी भी फिल्म इंडस्ट्री को एक ही नजरिए से देखना सही नहीं है। हर जगह अच्छी और खराब दोनों तरह की फिल्में बनती हैं।

असली फर्क भाषा का नहीं, बल्कि कहानी और प्रस्तुति का होता है। जब दिव्या दत्ता से पूछा कि क्या रीजनल सिनेमा कॉमेडी फिल्मों को बॉलीवुड से बेहतर तरीके से पेश कर रहा है, तो इस सवाल पर उन्होंने कहा, ''इस तरह की तुलना करना सही नहीं है। किसी भी कॉमेडी फिल्म की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसकी कहानी कितनी मजबूत है और उसे दर्शकों के सामने किस तरह पेश किया गया है। मेरा मानना है कि अगर कंटेंट अच्छा है, तो वह किसी भी भाषा में हो, दर्शकों को जरूर पसंद आता है।'' दिव्या दत्ता ने कहा, ''फिल्म इंडस्ट्री को भाषा के आधार पर बांटना ठीक नहीं है। चाहे फिल्म हिंदी में हो, किसी रीजनल भाषा में हो या फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हो, अगर कहानी दमदार है और उसे सही तरीके से दिखाया गया है तो वह लोगों के दिलों तक पहुंचती है। आज दर्शक काफी समझदार हो चुके हैं और वे सिर्फ नाम या भाषा देखकर फिल्म को पसंद नहीं करते, बल्कि कंटेंट को प्राथमिकता देते हैं।''



## सेफ हैंड में है मेरा हिंदी डेब्यू

# अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म के संगीत को लेकर उत्साहित हैं जीवी प्रकाश

**तमिल और तेलुगु सिनेमा में एक म्यूजिक कंपोजर के तौर पर अपनी पहचान बनाने के बाद जीवी प्रकाश कुमार अब 'नई नवेली' के साथ अपनी पहली बड़ी हिंदी फिल्म का म्यूजिक देने के लिए तैयार हैं। यह प्रोजेक्ट आनंद एल राय के प्रोडक्शन हाउस का है और इसे बालाजी मोहन डायरेक्ट कर रहे हैं। म्यूजिशियन जो एआर रहमान के भतीजे भी हैं ने यामी गौतम धर की फिल्म के लिए म्यूजिक बनाने, लिप-सिंक गानों के सदाबहार आकर्षण और अपनी फीस को लेकर उड़ रही अफवाहों के बारे में बात की।**

### अपने डेब्यू को बताया दिलचस्प

'नई नवेली' के लिए अपना पहला पूरा हिंदी म्यूजिक स्कोर तैयार करने के बारे में 'वैरायटी इंडिया' से बात करते हुए जीवी प्रकाश कुमार ने हिंदी सिनेमा में अपने सफर को याद किया। प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' पर काम करने का मौका मिला, क्योंकि अनुराग कश्यप मेरे बहुत अच्छे दोस्त थे। लेकिन यह मेरे लिए पूरी तरह से हिंदी डेब्यू नहीं था। जहां तक आनंद एल राय के बैनर तले बन रही 'नई नवेली' की बात है, तो मैं इसके सभी गाने कंपोज कर रहा हूं। यह बहुत दिलचस्प होगा। मुझे यकीन है कि गाने बहुत अच्छे बनेंगे। यामी गौतम इसमें लीड रोल निभा रही हैं। हम सब जानते हैं कि वह कितनी खूबसूरती से भावनाएं जाहिर करती हैं। इसलिए मेरे गाने सुरक्षित हाथों में हैं। 'नई नवेली', जिसे बालाजी मोहन डायरेक्ट कर रहे हैं एक ऐसी फिल्म होगी जिसका बेसब्री से इंतजार रहेगा।

### हर म्यूजिक स्कोर मेरे लिए एक चुनौती है

जब उनसे पूछा गया कि क्या हिंदी फिल्म के लिए म्यूजिक बनाना तमिल या तेलुगु प्रोजेक्ट पर काम करने से अलग लगता है? इस पर संगीतकार ने तुरंत किसी भी तरह के फर्क की बात को नकार दिया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह तेलुगु या तमिल फिल्म से अलग नहीं है। हर म्यूजिक स्कोर मेरे लिए एक चुनौती होती है। भाषा से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं हर स्कोर को ऐसे बनाता हूं जैसे वह मेरा पहला स्कोर हो।

### म्यूजिक कंपोजर के साथ सिंगर और एक्टर भी हैं जीवी प्रकाश

जीवी प्रकाश कुमार एक म्यूजिक कंपोजर, सिंगर और एक्टर हैं। उन्होंने 120 से ज्यादा तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम किया है। उन्हें 'सूरराई पोटरु' के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन का नेशनल अवॉर्ड मिला। वे मशहूर म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान के भांजे हैं। म्यूजिक के अलावा वो तमिल सिनेमा में एक लोकप्रिय एक्टर भी हैं और अपनी 2015 की फिल्म 'डार्लिंग' के लिए जाने जाते हैं।

# पुलिसवालों के प्रति मेरी समझ बहुत बढ़ गई



**रियलिटी शो से लेकर टीवी और अब ओटीटी तक शालीन भनोट ने अपने करियर में लगातार नए मोड़ देखे हैं। उतार-चढ़ाव, चर्चाओं और निजी जिंदगी पर हुई सार्वजनिक बहसों के बीच उन्होंने एक बात नहीं बदली, जहां जरूरी नहीं होता, वहां वह चुप रहना बेहतर है। अपने किरदारों के लिए सख्त अनुशासन अपनाने वाले शालीन मानते हैं कि फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन जितना कठिन होता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण मानसिक बदलाव भी होता है। पिछले दिनों अपनी वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन को लेकर काफी चर्चा में रहे।**

शालीन ने कहा- मेरी जिंदगी के कई फेज पब्लिक डिस्कशन में रहे पर मैंने कोई दूरी नहीं बनाई। दरअसल, मेरी पर्सनल लाइफ मेरी है। मेरा अपना एक दायरा है और मैं उसे हमेशा मेंटेन करता हूं। मैं हमेशा से ऐसा करता आया हूं। प्रोफेशनल लाइफ अपनी जगह है। मुझे इसमें कोई तकलीफ नहीं होती। मैंने कोई दायरा बनाने के बारे में अलग से सोचा भी नहीं है। मेरी पब्लिक मेरी सब कुछ है। आज मेरे करोड़ों फॉलोअर्स हैं। अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैं, उन्हें मेरे बारे में सब पता है। मुझे उसमें कोई शर्म नहीं है और मैं किसी को जज भी नहीं करता। जहां मुझे नहीं बोलना होता, वहां मैं नहीं बोलता और वैसे ही अपनी पब्लिक को भी नहीं बोलता। बाकी मेरे घर में ना मीडिया वाले घुसते और ना ही फैंस क्योंकि सबकी एक सीमा होती है।

मेरे लिए फिजिकल और इमोशनल दोनों ही ट्रांसफॉर्मेशन मुश्किल हैं। अगर कोई बोले कि दो महीने के अंदर पूरा लुक बदलना है तो बहुत मुश्किल हो जाती है। मैंने करके देखा है इसलिए कह रहा हूं। फिजिकल के अलावा कई बार मेंटली ज्यादा चैलेंजिंग हो जाता है। दरअसल, बोला जाता है कि यह नहीं, वो नहीं खाना है, तीन महीने बाद यह करना है। मैंने भी करीब 110 दिन बहुत डिसिप्लिन से काम किया।

### पुलिसवालों के प्रति मेरी समझ बहुत बढ़ गई

एक कॉप का कैरेक्टर करने के बाद मेरी उनके प्रति समझ बहुत बढ़ गई है। कई बार हमें लगता है कि एयर होस्टेज का काम सिर्फ पानी और खाना देना है लेकिन ऐसा नहीं है। आप जब दूसरी तरफ का काम समझते हैं तो पता चलता है कि वह कितना महत्वपूर्ण है। वह आपातकाल परिस्थितियों में आपकी जान बचाती हैं। उन्हें मेडिकल नॉलेज भी दी जाती है। इसी तरह, जब पुलिसवाले को देखते हैं तो आपको लगता है कि अच्छा, यही उनका काम है लेकिन असल में उनका काम बहुत मुश्किल होता है। उसमें सही और गलत की परख करना मुश्किल है। एक पुलिसवाले के लिए, वो भी एक एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के लिए यह और कठिन हो जाता है। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट जो होता है, उसे एक सेकेंड में सही और गलत का फैसला करना होता है। कहां गोली मारनी है, हवा में चलानी है, पैर पर हिट करना है, मारना है या नहीं मारना है? यह जजमेंट उसे उसी पल लेना होता है। आप जब इस बात को समझते हो तो पुलिस के लिए बहुत रिस्पेक्ट बढ़ जाती है। उन्हें किसी के जीवन के बारे में फैसला लेना पड़ता है। यह बहुत मुश्किल और ट्रिकी सिचुएशन होती है।

### अभी तो बहुत सारे बदलाव आने बाकी हैं

मेरा सफर रोडीज, टीवी, फिक्शन, डांस रियलिटी, बिग बॉस, बेकाबू और अब ओटीटी तक आया है। इस सफर में मैं हर फेज के बाद बदल रहा हूं। यहां तक कि जीवन के हर पल में मैं खुद को बदलता हुआ महसूस कर रहा हूं। इस साल मुझे ऐसा लगता है कि मैं बहुत सीरियसली बदल रहा हूं। हर पड़ाव में मुझे बदलाव दिखे हैं। मैंने जब बिग बॉस किया था, वह भी बहुत बड़ा पड़ाव और बदलाव था। आप जब करोड़ों लोगों के सामने एकदम से बाहर आते हो तो वह पल कमाल होता है। मैं टोरंटो में था, वहां अपना शो कर रहा था। हजारों लोग आए थे। मैंने अपने लिए स्टेडियम भरे हुए देखे हैं। मुझे लगा कि वाह क्या बात है। फिर अगले ही पल दिलजीत दोसांझ का शो देख लिया तो मन छोटा हो गया कि अभी जिंदगी में आगे बहुत कुछ पाना बाकी है। अभी तो बहुत सारे चेंजेस आने हैं और मुझे लगता है कि सारे बदलाव अच्छे ही होंगे।

### टीवी जो मोहब्बत देता है, वो कोई नहीं दे सकता

टीवी और ओटीटी, दोनों मीडियम अलग हैं। टीवी ने मुझे बहुत प्यार दिया है। टीवी जो मोहब्बत देता है, वो कोई नहीं दे सकता। इसके जरिए आप हर घर में पहुंच जाते हैं। आज जितना मैं जाना जाता हूं, वह टीवी की वजह से है। वही वेब की एक रिच मार्केट और ऑडियंस है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।